


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 300 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




# आयुष्मान योजना से 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा: मोदी

70 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज की सुविधा लॉन्च की

**हेल्थ योजना**

**पीएम ने वर्चुअली मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, 18 राज्यों में हेल्थ प्रोजेक्ट्स लॉन्च हुए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धनतेरस और 9वें आयुर्वेद दिवस पर 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज की सुविधा लॉन्च की। इसके तहत देश के 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा मिलेगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को विस्तार दिया और इसमें बुजुर्गों को शामिल किया है। इस दौरान दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एम्स) में मोदी ने सीनियर सिटीजन को आयुष्मान वय वंदन कार्ड सौंपा। पीएम ने कहा, 'मैं दिल्ली और बंगाल के 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों से क्षमा मांगता हूं कि उनकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। आपको कष्ट होगा, लेकिन मैं मदद नहीं कर पाऊंगा। कारण- दिल्ली और बंगाल की सरकार इस योजना से नहीं जुड़ रही है। माफी मांगता हूं कि देशवासियों की सेवा कर पा रहा हूं, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ दिल्ली-बंगाल में सेवा नहीं करने दे रहा। मेरे दिल में कितना दर्द होता होगा, मैं शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा।'




## जानलेवा बीमारियों से बचा रहा मिशन इंद्रधनुषः मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि हमने स्टेन्ट और घुटना प्रत्यारोपण उपकरणों को सस्ता किया। ये न किया होता तो लोगों को 80 हजार करोड़ रुपए ज्यादा खर्च करना पड़ता। ये रुपए बच गए। मुफ्त डायलिसिस योजना से भी लाखों करोड़ रुपए का खर्च बचा है। जानलेवा बीमारियों से रोकथाम के लिए मिशन इंद्रधनुष चल रहा है। गर्भवती महिलाओं की जिंदगी बच रही है, नवजात बच रहे हैं। वे गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से भी बच रहे हैं।

**2 लाख से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले**

आज इन मंदिरों पर करोड़ों लोगों की कैंसर, बीपी, डायबिटीज जैसी बीमारियों की जांच हो पा रही है। लोगों का इलाज भी समय पर शुरू हो रहा है।

## आयुष्मान भारतः बुजुर्गों के लिए मील का पत्थर- पीएम

**बुजुर्ग** स्वस्थ जीवन जियें और स्वाभिमान के साथ जियें। यह योजना इसके लिए मील का पत्थर साबित होगी। परिवार के खर्चे और चिंता कम होगी। इस योजना के लिए सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। बुजुर्गों को प्रणाम करते हुए वय वंदना करता हूं। हममें से अधिकतर लोग उस पृष्ठ भूमि से हैं, जहां बीमारी का मतलब पूरे परिवार पर बिजली गिरना होता है। गरीब के घर में कोई एक बीमार होता है तो असर घर के हर सदस्य पर पड़ता है।

# सस्ती होगी कैंसर की तीन दवा, केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

## सीमा शुल्क में छूट और जीएसटी दर में होगी कटौती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सीमा शुल्क** से छूट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद तीन कैंसर रोधी दवाओं (ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमाब) की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) तय होगी।

राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा निमार्ताओं को इन तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि सीमा शुल्क में छूट और जीएसटी दरों में कटौती के बाद एनपीपीए ने दवा निमार्ताओं को तीन कैंसर रोधी



दवाओं की एमआरपी घटाने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय के मुताबिक एनपीपीए ने 28 अक्टूबर को जारी कार्यालय ज्ञापन में संबंधित निमार्ताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है। यह वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के मुताबिक है, जिसमें इन तीन कैंसररोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है।

# पीएम ने 51000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले के तहत 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं आ प सभी को धनतेरस के पावन अवसर पर बधाई देता हूँ। इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहूँगा कि यह दिवाली बहुत खास होने वाली है। यह इसलिए भी खास होगी क्योंकि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद प्रभु रामलला के भव्य अयोध्या मंदिर में विराजमान होने के बाद यह पहली दिवाली है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को भारत सरकार में परमानेंट सरकारी नौकरी देने का सिलसिला लगातार जारी है। भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। अभी-अभी हरियाणा में तो नई सरकार बनते ही 26 हजार युवाओं को नौकरी का उपहार मिला है। इन दिनों हरियाणा में एक उत्सव का माहौल है।




**सौगात**

**इस रोजगार मेले में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए प्रसन्नता हो रही है: पीएम**

**रोजगार मेले में 51,000 से ज्यादा युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र**

आज इस महत्वपूर्ण अवसर पर हमें इस रोजगार मेले में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। मैं इसके लिए सभी अभ्यर्थियों को बधाई देता हूं। इसके अलावा, यह भी उल्लेखनीय है कि हरियाणा में नवगठित सरकार ने लगभग 26,000 युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करके एक अनुकरणीय शुरूआत की है।

# राहुल गांधी ने निभाया अपना वादा, नाई को दीवाली से पहले भेजा तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के सैलून संचालक से किया गया वादा पूरा किया है। राहुल गांधी बीते शुक्रवार को उत्तम नगर स्थित सैलून में दाढ़ी बनवाने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अजीत को कटिंग टूल किट और अन्य सामान भेजने का वादा किया था, जो उन्होंने किट भेजकर पूरा किया है। किट पाकर सैलून संचालक अजीत काफी खुश हैं।

**हर गरीब और मध्य वर्ग के व्यक्ति के चेहरे पर लाऊंगा मुस्कान- राहुल गांधी**




कांग्रेस नेता ने कहा था कि उनका भारत के हर गरीब और मध्य वर्ग के व्यक्ति से वादा है कि वह उनके चेहरों पर मुस्कान वापस लाएंगे। कांग्रेस नेता ने अपने वाट्सएप चैनल पर एक वीडियो साझा किया। जिसमें दिखा गया है कि सैलून संचालक अपनी दुकान के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिए एक दुकान पर जाता है।

**तोहफा**

**राहुल गांधी ने नाई अजीत को कटिंग टूल किट भेजा, राहुल ने उत्तम नगर स्थित सैलून में ट्रिम कराई थी अपनी दाढ़ी**

**शेविंग कराने सैलून पहुंचे राहुल को नाई ने बताया दुख**

बता दें कि यह वही सैलून संचालक है, जिसके साथ राहुल गांधी ने दिल्ली के उत्तम नगर स्थित उनकी दुकान पर अपनी दाढ़ी ट्रिम कराई थी। राहुल ने उन सभी वस्तुओं की व्यवस्था कराई, जिसकी जरूरत सैलून संचालक अजीत को थी। राहुल गांधी ने इस दौरान बातचीत का एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया था। वीडियो में राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा था कि घटती आय और बढ़ती महंगाई के कारण मेहनतकश गरीब लोगों के सपने छिन गए हैं। उन्हें नई योजनाओं की जरूरत है, जिससे वे अपनी बचत घर ले जा सकें। वहीं, सैलून संचालक अजीत ने राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया था। अजित ने राहुल गांधी की प्रशंसा में कहा था।







# वजीरपुरः आप राज में दिल्ली के लोग हो रहे परेशानः हरिशंकर गुप्ता







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में 'आओ दिल्ली वालों दिल्ली चलाओ' कैंपेन चलाया गया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अभियान के तहत दिल्ली के हर जिले में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जनता की कुर्सी लगे हुए रथ भेजे गये हैं। इस जनता की कुर्सी पर जनता में से ही एक व्यक्ति अपनी समस्या और सुझाव बताता है और उसे सुना जाता है। यह अभियान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई इलाको में चलाया गया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, कांग्रेस नेता चंद्रेश वर्मा, पंकज शर्मा, बदरुद्दीन खान, महेश खारी, जोगिंदर खारी, अब्दुल सत्तार गिरीश जैन, सतीश कांगड़ा, बेनीराम, चरण सिंह, गौतम जी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने बताया कि जनता आम आदमी पार्टी के राज में कई परेशानियों से जूझ रही है। हम जहां पर भी जा रहे है, जनता कांग्रेस को शासन में देखना चाहती है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि आप राज में कागजों में तो विकास हो रहा है, लेकिन धरातल पर विकास नजर नहीं आ रहा है।

## दीपावली मंगल मिलन समारोह का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पश्चिम विहार रामलीला कमेटी के प्रधान व सहकारिता प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रभारी रामगोपाल गोयल ने दीपावली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया। महाराजा अग्रसेन भवन पश्चिम विहार के खचाखच भरे प्रांगण में भाजपा दिल्ली प्रदेश के महामंत्री विष्णु मित्तल ने कहा कि रामगोपाल जी द्वारा आयोजित यह दीपावली मिलन आयोजन अपने आप में अनूठा है। यहां सर्व समाज के लोग मौजूद थे। इस मंगल मिलन समारोह में सात सौ से अधिक लोग शामिल हुए। इस मंगल मिलन समारोह में आये अतिथियों ने भारेचारे की भावना को बखुबी दशार्या। इस मौके पर अशोक ठाकुर, संयोजक सुनील कुमार गोयल, निगम पार्षद शिखा भारद्वाज, मोनिका गोयल, मंडल अध्यक्ष नीरज गर्ग, सुधीर भ्याना, पूर्व विधायक विजय जौली, पूर्व निगम पार्षद पूनम अशवनी बागड़ी के अलावा प्रदेश कार्यकारिणी के गोपाल गर्ग, महाराजा अग्रसेन हॉस्पीटल के प्रधान सुभाष गुप्ता, महिला मंडल पंजाबी बाग की अध्यक्षा मीना गुप्ता, पश्चिम विहार महाराजा अग्रसेन भवन के प्रधान सतीश अग्रवाल, सतीश कौशिक, सुनील गम्भीर मौजूद रहे।

## सेना कमांडरों के सम्मेलन में विदेश मंत्री ने सेना की सराहना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा चरण मंगलवार को यहां संपन्न हो गया। दो दिवसीय इस आयोजन में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा और भीतरी इलाकों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण 'भारतीय सशस्त्र बलों के लिए विकसित भू-राजनीतिक परिदृश्य और अवसर' विषय पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर का संबोधन था। इस अवसर पर डॉ. जयशंकर ने भारत को प्रभावित करने वाली जटिल वैश्विक और भू-राजनीतिक गतिशीलता को रेखांकित किया। उन्होंने सशस्त्र बलों से देश की अपेक्षाओं और वर्तमान विश्व व्यवस्था के विरोधाभासों और चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय सेना को सतर्क रहने के लिए सराहना की और वरिष्ठ अधिकारियों से तेजी से विकसित हो रहे भू-राजनीतिक खतरों और अवसरों के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।









# छठ से पूर्व घाटों की सफाई सुनिश्चित करे सरकारः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया/तीरथ राज**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दीपवाली और छठ पर्व से पहले भलस्वा झील, आईटीओ, स्थित यमुना घाट और सोनिया विहार का निरीक्षण किया। जहां गंदगी देखने को मिली जो दिल्ली सरकार की पोल खोल रही है। श्री यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी की अनदेखी के कारण यमुना में गंदगी और दूषित जल के कारण लोगों पवित्र त्योहारों की आस्था खतरे में पड़ गई है। दिल्ली सरकार की निष्क्रियता के चलते जहरीली, झाग और विषैली हो चुकी है जिसमें दिल्लीवासी छठ पर्व पर डुबकी लगाने के बाद सीधे अस्पताल ही जाएंगे, जिसका जीता जागता उदाहरण भाजपा अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा है। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली सरकार से मांग की कि दिल्ली सरकार जल्द से





जल्द इस भलस्वा झील के इस जल श्रोत की सफाई करवाए ताकि लोग पवित्र छठ पर्व को स्वच्छ जल में मना सकें। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि भलस्वा झील को पर्यटन स्थल में जोड़ा जाएगा परंतु भलस्वा झील गंदे पानी का झौड़ बन कर रह गया है। उन्होंने कहा कि भलस्वा लैंड फिल से निकलने वाली जहरीली गैस और भलस्वा झील में सटी हुई कॉलोनियों का गंदा नालों में न जाकर सीधा झील में गिरना दिल्ली सरकार की नाकामी है, जिससे क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य से बुरी तरह प्रभावित हो रही है। देवेन्द्र यादव ने यमुना घाट, सोनिया विहार और भलस्वा झील में गंदगी को देखकर गहरी चिंता जताई और कहा कि जिस कदर यमुना का पानी गंदा है लगता है पूरे 11 वर्षों से यमुना सफाई का कोई काम ही नहीं हुआ। हर वर्ष छठ पर्व से पूर्व छठ घाटों की सफाई के नाम पर करोड़ो भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाते है। जबकि केजरीवाल सरकार ने यमुना सफाई के नाम पर लगभग 6800 करोड़ खर्च करके यमुना और जहरीली और प्रदूषित हो गई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सत्ता मे आने के बाद यमुना सफाई में लगातार विफल रही है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले सत्ता में आने के तुरंत बाद, नवंबर 2015 में नदी पर आरती करते समय, केजरीवाल ने यमुना को साफ करने का वादा किया था, 'हम पांच साल के भीतर यमुना को पुनर्जीवित करेंगे', उन्होंने जोर देकर कहा था, और कुछ साल बाद, उन्होंने कहा था कि वह 2025 तक छठ पूजा के दौरान नदी में डुबकी लगाएंगे, लेकिन 10 साल बाद यमुना और अधिक जहरीली हो गई है।

# शालीमार गांव में शिव चर्चा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के शालीमार गांव इलाके के गली नंबर-9 में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने शिव चर्चा की और एक-दूसरे को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर शिव भक्तों में रानी कुमारी, पिंकी देवी, रेखा देवी, सुमित्रा देवी, विमल देवी, आरती कुमारी, रुपा कुमारी, प्रिया कुमारी, राज कुमार, चौधरी शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी, सोनू



कुमार, चौधरी मिंटू कुमार, चौधरी रवि कुमार, रामचंद्र चौधरी, गोविंद पासवान, रंजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सत्ता में आने पर बिजली बिलों में लगने वाले सरचार्ज वापसी के आदेश देंगेः वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा पावर डिस्कॉम के द्वारा बिजली बिलों में एकत्र किये जाने वाले 7% पेंशन सरचार्ज की जांच का आदेश दिये जाने का स्वागत किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की भाजपा लम्बे समय से बिजली बिलों में लगाये जा रहे पेंशन सरचार्ज एवं पी.पी.ए.सी. भुगतानों के माध्यम से चल रहे घोटाले को उठा रही थी।

उपराज्यपाल महोदय द्वारा जो आज जांच स्वीकृति आदेश दिया गया है उसके माध्यम से स्पष्ट हुआ है की पेंशन सरचार्ज एकत्रीकरण में भी 1100 करोड़ से अधिक का हेरफेर हुआ है। दिल्ली भाजपा पुनः मांग करती है की दिल्ली सरकार एवं डी.ई.आर.सी. दोनों बिजली बिलों एवं अन्य अधिभारों की समीक्षा करें क्योंकि इन सरचार्जों के चलते बिजली उपभोक्ता अपने बिलों में विधुत शुल्क से अधिक सरचार्जों में दे रहा है।

# शिक्षा निदेशक का जीएसटीए ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राजकीय विधालय शिक्षक संघ दिल्ली ने महासचिव अजय वीर यादव के साथ प्रतिनिधि मंडल ने नव प्रविष्टि शिक्षा निदेशक वेदिथा रेड्डी जी से शिष्टाचार भेट की। जीएसटीए के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि शिक्षा निदेशक महोदय से आज शिष्टाचार मुलाकात की तथा शिक्षक समाज की ओर से उनका शिक्षा विभाग में स्वागत किया।प्रतिनिधि मंडल में ज़िला सचिव हरिसिंह फलसवाल, संदीप भारद्वाज, शकील अहमद, उषा किरण,बीएल शर्मा सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधियों ने शिक्षा निदेशक जी को दीपावली की शुभकामनाएँ प्रेषित की।महासचिव अजय वीर यादव ने दीपावली की छुटियो के बाद शिक्षा निदेशक जी से शिक्षकों के लंबित मुद्दों पर चर्चा हेतु मीटिंग सुनिश्चित कर समाधान हेतु आग्रह किया गया जिस पर निदेशक महोदय ने विभाग की बेहतरी हेतु जीएसटीए को सदैव चर्चा कर आश्वस्त किया।

# धनतेरस पर दिल्ली में खूब बरसेगा धन



**नई दिल्ली।** इस धनतेरस दिल्ली के सराफा बाजारों में 10 हजार करोड़ रुपये की धन वर्षा का अनुमान है। बाजार के जानकारों के अनुसार, भले ही सोने व चांदी के दामों में तेजी है, लेकिन यह तेजी काफी दिनों से है। दूसरा, अधिकतर लोग कीमती धातुओं में निवेश वर्षभर में एक ही बार करते हैं। कोरोना महामारी के बाद की स्थिति, बढ़ती आय और खास मौकों पर खरीदारी की परंपरा से इस बार का धनतेरस भी खूब चमक बिखेरने वाला है। ज्वेलर्स के अनुसार, धनतेरस के साथ ही दीपावली पर ज्वेलरी की मांग को लेकर खरीदारों में दिलचस्पी देखी जा रही है। खासकर सोने व हीरे की मांग अधिक है।

**करीब 20 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमानः** इस साल दिल्ली में धनतेरस और दीपावली के दौरान गहनों और बुलियन के कारोबार में करीब 15-20 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है। चांदनी चौक का दरीबा कलां, कूचा महाजनी व नई दिल्ली का करोलबाग गहनों की बिक्री के प्रमुख हब हैं। दरीबा ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तरुण गुप्ता के अनुसार, कई देशों में युद्ध जैसे अंतरराष्ट्रीय कारणों से सोने व चांदी के दाम जरूर अधिक हैं, लेकिन आम व्यक्ति अपनी बजट के एक से सात प्रतिशत ही सोने-चांदी में लगाता है। मौजूदा तेजी से उसके इस निवेश में एक से दो प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई है। वैसे, भी यह स्थिति महीनों से है। ऐसे में वह इस बढ़ोतरी को लेकर चौंकने वाली स्थिति में नहीं है। इसलिए उसका असर अधिक नहीं है। उम्मीद है कि इस धनतेरस व दीपावली के मौके पर सिर्फ दिल्ली में ही सोना, चांदी और हीरे के गहनों का कारोबार आठ से 10 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

**कई तरह के डिजाइन खासः** ऑल बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन, कूचा महाजनी के चेयरमैन योगेश सिंघल के अनुसार, आकर्षक डिजाइन की ज्वेलरी की मांग है। खासकर अंगूठी, हार, चूड़ी, झुमके में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। नाम और राशि वाले लॉकेट का चलन बढ़ा है।



# आतिशी ने अकेडमिक ब्लाक का उद्घाटन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री** आतिशी और आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आज मंडावली में सर्वोदय कन्या विद्यालय वर्ल्ड क्लास अकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि आज हमने सिर्फ इस भवन का नहीं बल्कि देश के सुनहरे भविष्य का उद्घाटन किया है। दोनों नेताओं इस दौरान बच्चों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। साथ ही विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि वह दिल्ली के एक प्राइवेट स्कूल से पढ़ी हैं। लेकिन इतनी अच्छी सुविधाएं वहां नहीं थी। दिल्ली के किसी प्राइवेट स्कूल में ऐसी सुविधा नहीं हैं, जो आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों में है। आतिशी ने कहा कि 1947 से 2015 तक दिल्ली में अलग-अलग पार्टियों की सरकारों ने 75 साल में सिर्फ 24 हजार कमरे बनवाए थे लेकिन अकेले दस साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दो हजार कमरे बनवाए। दूसरी सरकारों के समय सिर्फ नेता विदेश जाते थे ,लेकिन आआपा की सरकार के कार्यकाल में शिक्षक भी विदेश जा रहे है। उन्होंने कुछ सालों के आंकडों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली के चार लाख से ज्यादा बच्चों ने प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है। सिर्फ इस साल के आंकड़े देखें तो दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 2200 बच्चों ने आईआईटी-जीईई और एनईईटी की परीक्षा पास की।


## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
## समाज कल्याण विभाग
**7वां तल, एमएसओ भवन, आईपी एस्टेट, आईटीओ, नई दिल्ली-110002**

**आयुक्त (दिव्यांगजन) के पद हेतु आवेदन आमंत्रण**

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 79 की उपधारा (1) और दिल्ली दिव्यांगजन नियमावली, 2018 के नियम 41 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार आयुक्त (दिव्यांगजन) के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यताएं, अनुभव और नियम व शर्तो से संबंधित विवरण तथा परिलब्धियों की संरचना विभाग की वेबसाइट https://socialwelfare.delhi.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि ये निर्धारित आवेदन प्रारूप में आवेदन भेजें जो विभागीय वेबसाइट https://socialwelfare.delhi.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यताओं और अनुभव के दस्तावेजी प्रमाण संलग्न किए जाने चाहिए।
आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यताओं और अनुभव के दस्तावेजी प्रमाण संलग्न किए जाने चाहिए।

आवेदन विज्ञापन के प्रकाशन के एक माह के भीतर सचिव (समाज कल्याण) के पास ऊपर दिए गए पते पर पहुंच जाना चाहिए।

आवेदक को इस संबंध में किसी भी सूचना/जानकारी के लिए नियमित रूप से अपनी ई-मेल की जांच करनी चाहिए।

टीपः उपर्युक्त तिथि के बाद प्राप्त/अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा तुरंत खारिज कर दिए जाएंगे।

**निदेशक**
**(समाज कल्याण विभाग)**
**DIP/Shabdarth/0242/24-25**



## उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82249353 | कुल घुटना रिप्लेसमेंट सेट – फेमोरल घटक टाइटेनियम/CO-Cr, टिबियल ट्रे–टाइटेनियम/CO-Cr | 175 | 26.11.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस स. सर्जरी आइटम 82249353 दिनांक : 28.10.2024

3351/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विधायकों की याचिका पर एलजी, दिल्ली सरकार, विस स्पीकर और सीएजी को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता समेत सात भाजपा विधायकों की 2017 से लेकर 2021 तक के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को उप राज्यपाल को भेजने की मांग पर सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार, विधानसभा स्पीकर, सीएजी और उप राज्यपाल कार्यालय को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। याचिका में कहा गया है कि ये सभी सीएजी रिपोर्ट दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के पास लंबित हैं। याचिका दायर करने वालों में विजेंद्र गुप्ता के अलावा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल वाजपेयी और जितेंद्र महाजन शामिल हैं। याचिकाकर्ता की ओर से वकील नीरज और सत्यरंजन स्वैन ने याचिका में दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की है कि वह सीएजी की रिपोर्ट्स को उपराज्यपाल को भेजें, ताकि उप राज्यपाल इन रिपोर्ट्स को दिल्ली विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत कर सकें। याचिका में कहा गया है कि 2017-2018 से 2021-2022 के बीच शराब, प्रदूषण, वित्तीय मामलों आदि से संबंधित 12 सीएजी रिपोर्ट्स को दिल्ली सरकार ने उप राज्यपाल को नहीं भेजा है। याचिका में कहा गया है कि सीएजी की ये रिपोर्ट्स मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित हैं और उप राज्यपाल के बार-बार अनुरोध के बावजूद इन्हें विधानसभा के समक्ष पेश करने के लिए नहीं भेजा गया है। याचिका में कहा गया है कि इससे पहले भी भाजपा विधायक इस मामले पर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और विधानसभा अध्यक्ष से संपर्क कर चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इसे लेकर भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री आतिशी के निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया है। याचिका में दिल्ली सरकार, विधानसभा अध्यक्ष, उप राज्यपाल, सीएजी और दिल्ली के लेखा महानियंत्रक (ऑडिट) को प्रतिवादी बनाया गया है।


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें
### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही हेतु महत्वपूर्ण सूचना

त्यौहारों पर रेलयात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट की ओर) से प्रवेश करते समय कृपया निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:–

1. फुट ओवर ब्रिज से प्लेटफार्म नंबर 16 का प्रवेश बंद है
2. प्लेटफार्म 16 के लिए आरक्षित यात्री, कृपया केवल अजमेरी गेट साइड सर्कुलेटिंग एरिया से गेट नंबर 7 और 10 से प्रवेश करें
3. जनरल टिकट वाले अनारक्षित यात्रीगण केवल अजमेरी गेट की ओर से हरे पथ (Green Path) गेट नंबर 12 से ही प्रवेश करें
4. प्लेटफॉर्म 15–1 के लिए कृपया गेट नंबर 8, 9 और 11 का उपयोग करें
5. डीएमआरसी मेट्रो स्काईवॉक से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज 2 तक सीधा प्रवेश अस्थायी रूप से बंद है

यात्रीगण कृपया सुनिश्चित करें कि ट्रेन प्रस्थान समय से कम से कम एक घंटा पहले स्टेशन पर अवश्य पहुंचे ताकि भागदौड़ की स्थिति न बनें

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कोर्ट ने स्वाति को दी विदेश जाने की इजाजत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली महिला आयोग की नियुयिों में गड़बड़ी मामले में आरोपित आयोग की पूर्व अध्यक्ष और सांसद स्वाति मालीवाल को विदेश जाने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने स्वाति मालीवाल को 2 नवंबर से 15 नवंबर तक अमेरिका जाने की इजाजत दी है। दरअसल, दिल्ली महिला आयोग की स्वाति मालीवाल ने 4 से 8 नवंबर तक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने और अमेरिका में अपनी बीमार बहन से मुलाकात के लिए कोर्ट से अमेरिका जाने की इजाजत मांगी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिसंबर 2022 में स्वाति मालीवाल समेत चार आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। स्वाति मालीवाल ने आरोप तय करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने मालीवाल की याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने स्वाति मालीवाल के अलावा जिन लोगों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था, उनमें आयोग की सदस्य प्रोमिला गुप्ता, सारिका चौधरी और फरहीन मलिक शामिल हैं। कोर्ट ने चारों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में आरोप तय करने का आदेश दिया था। दरअसल, 11 अगस्त 2016 को पूर्व विधायक बरखा शुक्ला ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से शिकायत कर आरोप लगाया था कि दिल्ली महिला आयोग में नियमों को दरकिनार कर आम आदमी पार्टी (आआपा) से जुड़े लोगों को नियुक्त किया गया। शिकायत में आयोग में नियुक्त हुए तीन लोगों के नाम बताए गए थे, जो आआप से जुड़े थे। एसीबी को दी गई शिकायत में आआपा से जुड़े 85 लोगों की सूची भी दी गई थी।

# भलस्वा झील में गंदगी के लिए आआपा सरकार जिम्मेदार: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आज भलास्वा झील का निरीक्षण किया। उन्होंने झील के आसपास एकत्र गंदगी के लिए आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार को जिम्मेदार ठहराया ।


## उत्तर रेलवे
**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 40–अम्बाला/2024–25 दिनांक 29/10/2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रेलवे स्टेशन कालका के लिए 0.2 एमएलडी क्षमता के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का प्रावधान। | 2,04,44,952 | 2,52,200 | 09 महीने | 21.11.2024 |
| 2 | सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/वर्क्स–एम/यूएमबी के अनुभाग में रेलवे स्टेशन यूएमबी के लिए 0.2 एमएलडी क्षमता के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का प्रावधान। | 2,08,23,653 | 2,54,100 | 08 महीने | 21.11.2024 |
| 3 | चंडीगढ़ में लाइन नंबर 5 और 6 (प्रत्येक 600 मीटर) पर गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। | 8,90,71,752 | 5,95,400 | 12 महीने | 21.11.2024 |

नोट: 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगीं।

3354/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए Gem पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | GEM/2024/B/5555411, Dated 28.10.2024 | | |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में चार वर्ष की अवधि के लिए वंदे भारत रेकों की मशीनीकृत सफाई और ओबीएचएस सेवाओं का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | ₹41,17,91,202.80 (जीएसटी सहित) | | |
| बयाना राशि | ₹22,08,960/- | कार्य अवधि | 4 वर्ष |
| निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि, समय | दिनांक 18.11.2024 को 19:30 बजे | | |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 28.10.2024 से प्रभावी है। | | |

सं.: 258856DSLSSBR दिनांक: 29.10.2024

3358/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
**खुली निविदा सुचना संख्या–ETrU-T-16-2023-24-03 & ETrU-T-02-2024-25-02**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | घरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-16-2023-24-03 | 25 केवी एसी 50 हर्ट्ज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यमुनानगर जगाधरी, अंबाला सिटी, मोहाली, कालका और पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12.00 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान हेतु कार्य। | 20.11.2024 | ₹ 1,10,57,429.57/- | ₹ 2,05,300/- | 06 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal -NIL, (₹ 5,000/– Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |
| 2 | ETrU-T-02-2024-25-02 | आनंदपुर साहिब, बुटारी, चिहेरू, दसूया, घग्गर, कुराली, मैसरखाना, आरसीएफ कपूरथला, राजपुरा, साहनेवाल, सुजानपुर, कूप, धवलन, हंडियाया टी एस एस में आई ई सी 61000–4–30 क्लास ए के अनुरूप विद्युत गुणवत्ता मीटर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, रीडिंग, विश्लेषण और 1 वर्ष का ओ एंड एम हेतु कार्य। | 20.11.2024 | ₹ 49,74,200/- | ₹ 99,500/- | 04 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal -NIL, (₹ 3,000/– Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एवं इस प्रकार है: क्र. स. 1 में **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE"** और क्र. स. 2 में **"-NA"**, 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये। संख्या:. ETrU-T-16-2023-24-03 & ETrU-T-02-2024-25-02 दिनांक: 29.10.2024

3355/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जाकिर पुत्रः मियाजान, पताः** मकान नं. 35, ब्लॉक–ए, प्रेम नगर, खूबराम पार्क, किरारी सुलेमान नगर, दिल्ली ने **FIR No. 507/2020, U/s 429 IPC & 47 to 56 TA Act & 11A PCA Act,** दिनांक : 18.11.2020, थानाः सिविल लाइन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जाकिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जाकिर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 507/2020, U/s 429 IPC & 47 to 56 TA Act & 11A PCA Act,** थानाः सिविल लाइन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जाकिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,
जिला सेंट्रल कमरा नं. 247
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14096/N/2024
(Court Matter)


# मंत्री ने जनता से एक साथ मिलकर के काम करने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली की जनता से अपील की है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रदेश की जनता को भी काम करना होगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रदूषण के रोकथाम के लिए हम सब को साथ मिलकर के काम करना होगा । अगले 15 दिनों तक सभी को सावधान रहने की जरूरत है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हेल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# करनाल में रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एनडीआरआई चौक पर मंगलवार सुबह भारतीय जनता पार्टी की ओर से रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ को करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में बड़ी संख्या में आमलोगों व खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक जगमोहन आनंद और विधायक योगेंद्र राणा ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। इस दौरान अपना संबोधन देते हुए करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्तूबर को देशभर में आयोजित की जाती है। इसी उपलक्ष में भाजपा द्वारा रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया है। इसमें बड़ी संख्या में करनालवासियों ने हिस्सा लेकर सरदार पटेल के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि हमें महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने इस देश को एक सूत्र में पिरोते हुए राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया था। आज संपूर्ण भारत उनके चरणों में नमन करता है।

**सरदार पटेल ने देश को नई दिशा देने का कार्य किया : योगेंद्र राणा**

असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनके चरणों में नमन किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश को नई दिशा देने का कार्य किया था। उन्हें लोहपुरुष की उपाधि उनकी राष्ट्र भक्ति और राष्ट्र एकता के चलते मिली थी। सरदार पटेल ने देशी रियासतों को एक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया था, जिससे हमारा देश आज एकजुट है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने समस्त देशवासियों को लोहपुरुष वल्लभ भाई पटले से जुड़े विचारों को सोशल मीडिया पर भी शेयर करने के लिए कहा है। यह देश की अनेकता में एकता का उत्सव है, इसमें सभी जिलावासी बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने वल्लभ भाई पटेल की जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी।

**जिलास्तर पर 31 अक्तूबर को आयोजित होगी रन फॉर यूनिटी**

बता दें कि रन फॉर यूनिटी का जिलास्तरीय कार्यक्रम 31 अक्तूबर को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण शिरकत करेंगे। कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान दौड़ आयोजित की जाएगी।

## कर्मठता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें, नवनियुक्त ग्राम सचिव: गौरव




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला परिषद कार्यालय में मंगलवार को नवनियुक्त ग्राम सचिव की ट्रेनिंग आयोजित की गई। सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार के नेतृत्व में ट्रेनिंग आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने सभी ग्राम सचिव को संदेश दिया कि कर्मठता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें। सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार ने बताया कि 80 नवनियुक्त ग्राम सचिव ने ज्वाइन किया है। ट्रेनिंग के दौरान उन्होंने पंचायती राज से जुड़ी बारीकियां बताई। उन्होंने कहा कि पंचायती राज गांवों में शासन करने का एक तरीका है। पंचायती राज का मकसद देश के गांवों, क्षेत्रों और जिलों की स्थानीय सरकारों का विकास करना है। यह प्रणाली आम लोगों की लोकतंत्र में भागीदारी को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव की अहम जिम्मेदारी होती है। वह पंचायती राज सिस्टम में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। ऐसे में कर्मठता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

## अंधेरे से प्रकाश में जाने का संदेश देती है दीवाली : अस्[illegible]

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीवाली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने कक्षा-कक्ष में सफाई अभियान चलाया और साज-सज्जा की। विद्यार्थियों ने रंगोलियां बनाई और दीप जलाकर हरित दीपावली का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष चंद व वरिष्ठ प्राध्यापकों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों व मिड-डे-मील वर्करों को सम्मानित किया। सुभाष चंद ने कहा कि धनतेरस, छोटी दीवाली, बड़ी दीवाली, विश्वकर्मा दिवस, भैया दूज आदि त्योहारों की श्रृंखला हमें मिलजुल कर रहने का संदेश देती है। इस संदेश को अपनाते हुए अपने परिजनों के साथ त्योहार मनाएं।

# जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 28 शिकायतें



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। इस दौरान कुल 28 शिकायतें आई, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 12 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है।

बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में निगम कमिश्नर नीरज कादियान ने शिकायतों को सुना। उनके समक्ष कुल 3 शिकायतें आई। इनमें से 2 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया। जबकि अन्य को जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया है। वहीं नगर पालिका नीलोखेड़ी में कोई शिकायत नहीं आई। तरावड़ी नगर पालिका में एक शिकायत आई, उसका भी वहीं समाधान कर दिया गया। घरौंडा नगर पालिका में 7 शिकायतें आई, जो अभी लंबित है। इंद्री नगरपालिका में 2 शिकायतें आई, जिनका समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 3 शिकायतें आई, जो अभी लंबित हैं। निसिंग नगरपालिका में 1 शिकायत आई जिसका मौके पर समाधान किया गया।

वहीं बीडीपीओ कार्यालयों की बात करें तो घरौंडा में 3 शिकायतें प्राप्त हुई, जो अभी लंबित है। करनाल बीडीपीओ कार्यालय में 1 शिकायत प्राप्त हुई, जो अभी लंबित है। कुंजपुरा में 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर समाधान कर दिया गया। नीलोखेड़ी बीडीपीओ कार्यालय में एक शिकायत प्राप्त हुई।

## रत्नावली युवा समारोह में छाए खालसा कॉलेज के विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गुरुनानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली युवा समारोह में चार विधाओं में भाग लिया। प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने बताया कि कॉलेज में रत्नावली की सबसे पहले विद्या हरियाणवी भजन में हमारे छात्र देव रावत ने प्रथम पुरस्कार जीता, वहीं देव ने ही हरियाणवी गजल में दूसरा पुरस्कार जीता।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **चंद्र शेखर भाटिया पुत्र कुंदन लाल,** (2) **अभिषेक भाटिया पुत्र चंद्र शेखर भाटिया** (3) **इंदु भाटिया पत्नी चंद्र शेखर भाटिया सभी निवासी 8-56, सेक्टर-3, राजेंद्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद,** उ.प्र. ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 246/2020 दिनांक 10.10.2020 भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **चंद्र शेखर भाटिया, अभिषेक भाटिया और इंदु भाटिया** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **चंद्र शेखर भाटिया, अभिषेक भाटिया और इंदु भाटिया** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 246/2020 दिनाँक 10.10.2020 भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चंद्र शेखर भाटिया, अभिषेक भाटिया और इंदु भाटिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा-।
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट-1, कमरा नं. 55
दि.पु./14154/शाहदरा/2024 द्वितीय तल, शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

# महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय उभरता हुआ विश्वविद्यालय : डा. सुरेश

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा बागवानी महाविद्यालय अंजनथली में कैरियर डेवलपमेंट सेल विषय को लेकर बागवानी छात्रों के लिए रास्ते पर एक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने विशेषतौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न बागवानी पाठ्यक्रमों (यूजी और पीजी) के छात्रों ने भाग लिया। कुलपति डॉ. एसके मल्होत्रा ने उक्त कार्यक्रम की सराहना की और बताया कि यह एक उभरता हुआ।



## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 30.10.2024 से 01.11.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 30.10.2024 (बुधवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04022 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | 3 टियर वाता | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 04056 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:05 | बलिया | 10:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. 3 टियर वाता. एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, जौनपुर सिटी एवं गाजीपुर सिटी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05038 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:10 | बनारस | 01:10 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन, अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ और भदोही |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जं. एवं मोकामा |
| 02252 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं. बड़हिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर और सुल्तानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04036 | नई दिल्ली | 12:00 | भागलपुर | 10:00 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., किऊल जं. एवं जमालपुर जं. |
| 04002 | नई दिल्ली | 11:30 | पटना जं. | 05:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, | साहिबाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04034 | दिल्ली जं. | 23:45 | जयनगर | 23:00 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| **दिनांक 31.10.2024 (वीरवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05110 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:55 | छपरा | 06:45 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली (एन.आर.), सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, देवरिया सदर और सीवान जंक्शन |
| 04028 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | 3 टियर वाता., शयनयान, सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन और मधुबनी |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 05004 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एन.आर.), सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं. बस्ती और खलीलाबाद |
| 02250 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| **दिनांक 01.11.2024 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04022 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | 3 टियर वाता | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 03256 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05302 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 00:25 | मऊ जं. | 17:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., मनकापुर जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, देवरिया सदर, भटनी जंक्शन और बेल्थरा रोड |
| 05672 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया जं., तिलैया, किऊल, अभयपुर, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं., नया फरक्का जंक्शन, मालदा टाउन, समसी, बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, जलपाईगुड़ी रोड, धूपगुड़ी, फालाकाटा, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, गोसाईगांव हाट, फकीराग्राम जंक्शन, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव, बोंगाईगांव, बिजनी, बारपेटा रोड, नलबाड़ी, रंगिया जं. और कामाख्या |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता.–सह–3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 02252 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदह जं., बरहिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04004 | नई दिल्ली | 11:30 | पटना जं. | 05:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, | साहिबाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# पुलिस हिरासत में मौत

**इस** देश में सबसे सस्ता क्या है ? यदि इसका जबाब बिना किसी पक्षपात के दिया जाए तो निसंदेह सभी कहेगे की 'मौत' कारण एक दो नहीं बल्कि अनेकों है कभी सीवर खुला होने से गिर कर मौत, कभी जमीन पर बिजली के तारों से मौत, कभी इलाज के आभाव में मौत, कभी लापरवाही से इलाज में मौत, कभी स्पीड से मौत तो कभी दुसरें की स्पीड से मौत और इन सब में सबसे दुखद है पुलिस हिरासत में मौत होना है` दशकों व्यतीत हो जाने और लाखों प्रयास के बावजूद पुलिस और पब्लिक में सामंजस्य आज तक नहीं बैठ पाया है` आज भी लोग पुलिस को किस नजरिये से देखतें है यह समझने की जरूरत है जबकि दूसरी तरफ पुलिस की अपनी समस्याएं है जिसे सिस्टम ने ऐसे जकड़ रखा है की आजाद होने में कम से कम पचास वर्ष तो अभी भी लग सकतें है` यहाँ चर्चा आज उत्तर प्रदेश की राजधानी में हाल ही में पुलिस हिरासत में एक सख्स की मौत की करना जरुरी है क्योंकि जिस तरह से पुलिस उसे थाने ले गयी और वापसी उसकी लाश से हुई क्या यह पुरे सिस्टम पर कड़ा प्रश्न नहीं है ? आप बदलें में लाखों रुपए, नौकरी, बच्चो की शिक्षा और दोषियों को निलंबित करके केस दर्ज कराकर के कार्यवाही को घोषणा कर सकतें है पर क्या आप मृत व्यक्ति को पुनः जीवित कर सकतें है ? क्या करोड़ों की आबादी वाले इस प्रदेश में आम जन के मन में जो डर घर करता जा रहा है उसे आप दूर कर सकतें है ? उत्तर प्रदेश की राजधानी में पुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत की हाल ही में घटित यह दूसरी घटना है` यह सोचने वाली बात भी है की दोनों मृतक व्यक्तियों का कोई अपराधीक रिकॉर्ड नहीं थे` मामूली विषय था जिसमे उन्हें समझा बुझाकर मौके पर ही मामले का निपटारा हो सकता था पर अब दोनों इस दुनियां में नहीं है` किसी भी घटना के एक बार होने पर की गयी कोई भी कार्यवाही पर्याप्त हो सकती है पर वही घटना बार-बार हो तो उस पर तथा कथित एक ही कार्यवाही के बजाय सरकार को कठोरतम से कठोरतम नियम बनाने चाहिए जिससे इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सकें` क्या यही राम राज्य की झांकी है जिसे हम अपना हितैषी समझतें है जो हमें सुरक्षा प्रदान करतें है उसी स्थान पर हम-सब सबसे असुरक्षित है` किसी एक दो घटना से सभी को दोषी नहीं बनाया जा सकता है पर मानवीय प्रवृत्ति के विपरीत किसी भी तरह का कार्य जो लोगों के जीवन को खत्म कर दे किसी को भी स्वीकार नहीं होगा। दावा और वादे के ठीक विपरीत पुलिस का अवमानानीय चेहरा राजधानी में प्रदर्शित होना इस बात को कहने और विश्वास करने पर बल दे देता है की यदि प्रदेश की राजधानी जहाँ पर अनेकों आला अफसर और संगठन बैठे है वहां पर ऐसी घटना हो रही है तो प्रदेश के अन्य जिलों का क्या हाल होगा ? चलिए एक सरकारी आकड़ों से समझते है - वित्तीय वर्ष 2020-2021 में कुल 1940 व्यक्तियों की हिरासत में मौत हुई थी जिनमे प्रथम क्रम पर उत्तर प्रदेश रहा है जहाँ पर कुल 451 लोगों की मौत हुई थी यदि प्रतिशत में देखें तो कुल मौतों का 23% है। क्या यह चिंता का विषय नहीं है ? जिन्हें इन विषयों पर सोचना और कानून बनाना चाहिए शायद यह मौतें उनके लिए महज एक आकड़ा ही है` वित्तीय वर्ष 2021-2022 में हिरासत में मौत का आकड़ा बढ़ कर के 2544 हो गया जिसमे उत्तर प्रदेश ने व्यापक वृद्धि करके 501 संख्या के साथ पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# वोकल फॉर लोकल उत्पादों संग मनाएं दिवाली !



सुनील कुमार महला

"दीपावली के मौके पर हम दीए से लेकर रौशनी और सजावट के लिए विदेशी वस्तुओं विशेषकर चाइनीज लाइटों, झालरों, लड़ियों, इलैक्ट्रोनिक आइटम्स की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन हम अक्सर यह बात भूल जाते हैं कि दीपावली पर उन घरों में भी खुशियों के दीपक जलने चाहिए जो सड़क / फुटपाथ, ठेलों , रेहड़ियों या अन्य जगहों पर अपने हाथों से बनाए/तैयार स्थानीय उत्पाद बेचते हैं।"

**दीपावली** रौशनी का त्योहार है। यह उमंग-उत्साह, उल्लास, खुशियों व आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप का त्योहार है। देखा जाए तो यह त्योहार पर्यावरण की रक्षा करने, पर्यावरण को शुद्ध, सुंदर व संतुलित रखने का भी त्योहार है। यह हमारे देश की सांस्कृतिक परंपराओं को जिंदा रखने, हमारे संस्कृति-संस्कार, बुराई पर अच्छाई की जीत का पावन व पवित्र त्योहार है, लेकिन पिछले कुछ सालों से दीपावली पर पटाखों से होने वाला वायु व ध्वनि प्रदूषण जहां एक ओर हमारे पर्यावरण को दूषित कर रहा है वहीं दूसरी ओर इसके मानव व जीवों के स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरे प्रभाव पड़ रहे हैं। ऐसे में हम सभी को यह जरूरत है कि हम दीपावली को ग्रीन पटाखों, रंगोली, मांडणा, वोकल फॉर लोकल उत्पादों का प्रयोग कर मनाएं। हम दिवाली पर अपनों को गिफ्ट दें और गिफ्ट्स का आदान-प्रदान कर दिवाली मनाएं। आज हमारे यहां दिवाली पर चाइनीज लाइटों, झालरों की भरमार है और वे खूब बिक रही हैं। आज फैंसी लाइटों, सजावट के विभिन्न सामानों से हमारे बाजार पटेल पड़े हैं और बाजार में इनकी भरमार है। देसी सामान/देसी उत्पादों की ओर हालांकि लोग धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं लेकिन विशेषकर चीन में बने उत्पादों में आज भी हमारा विश्वास कुछ ज्यादा ही है, इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था को भी कहीं न कहीं बट्टा लग रहा है। आज चायनीस खिलौने, पटाखे हर गली हर मोहल्ले बिकते देखें जा सकते हैं, क्यों कि ये बहुत सस्ते हैं। हमें यह चाहिए कि हम मिट्टी के दीपकों का इस दीपावली ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करें। बाजार से हम मिट्टी के दीयों के अलावा देसी सामान जैसे कि तोरन, बंदनवार, हैंगिंग व पानी वाले दीये, मेटल के धीरे खरीदें। बाजारी मिलावटी मिठाईयों से बचें और घर पर ही मिठाईयां तैयार करें अथवा किसी अच्छे ब्रांड या किसी अच्छी दुकान से बढ़िया मिठाईयां खरीदें। एक अनुमान के अनुसार दिवाली पर अपनों को गिफ्ट देने में करीबन 1.85 लाख करोड़ रुपए भारतीयों द्वारा खर्च किए जाने का अनुमान है जो कि बहुत बड़ी धनराशि है। आज पारंपरिक मिठाईयों के स्थान पर महंगे एंड्रॉयड फोन, कपड़े, इलैक्ट्रोनिक आइटम्स, गहने और अन्य उपहारों पर खर्च करने की होड़



बढ़ी है। हम सादगी, संयम को भूल रहे हैं और आधुनिकता के रंग में रंगकर त्योहारों के अर्थ को एक प्रकार से धूमिल कर रहे हैं। आज त्योहार पर दिखावा व बनावटीपन अधिक है। दिवाली पर पटाखे बजाया जाना आम बात है लेकिन हमें यह जानकारी होनी चाहिए कि पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य सांस संबंधी रोगों के मामले 30% तक बढ़ जाते हैं। पटाखों से निकलने वाला हानिकारक रसायनों से भरा धुआं बच्चों व बुजुगों के लिए विशेष रूप से घातक होता है। वैसे भी हमारे बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी नहीं आ रही है। आज हर जगह जहरीली हवा है। कोई भी आज मेट्रो सीटीज में बिना मास्क नहीं घूम सकते हैं। राजधानी दिल्ली की ही बात करें तो दिल्ली समेत एनसीआर (नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम) में वायु प्रदूषण का कहर जारी है। दिवाली के आसपास ही पराली का सीजन भी होता है। कुछ समय पहले एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के हवाले से यह खबर आई थी कि दिल्ली में वायु प्रदूषण विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से 8 गुना अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों और बीमारियों ने साल 2021 में दुनिया भर में 8.1 मिलियन लोगों की जान ले ली, जिनमें से चार में से एक मौत भारत में हुई, यह चौंकाने वाला तथ्य है। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि चीन (2.3 मिलियन मौतें) और भारत ( 2.1 मिलियन मौतें ) ने 2021 में वायु प्रदूषण से होने वाली दुनिया की 55% मौतों को साझा किया। पीटीआई की एक खबर के अनुसार भारत में सभी स्त्रोतों से होने वाले बाहरी वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 21 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। ह्यद बीएमजेह्व (द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल) में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार बाहरी वायु प्रदूषण भारत में प्रति वर्ष 21 लाख 80 हजार लोगों की जिंदगी छीन लेता है। इस मामले में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण ही नहीं पटाखों से ध्वनि प्रदूषण भी बहुत होता है। पटाखे का जोरदार धमाका 160 डेसिबल तक होता है, जो मानव स्वास्थ्य के साथ ही धरती पर अन्य जीव-जंतुओं/प्राणियों के लिए बहुत ही घातक व खतरनाक साबित होता है। चिकित्सकों के अनुसार पटाखों से कान का पर्दा फटना, सुनाई कम देना, सीटी की आवाज, संपूर्ण बहरापन आदि की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जानकारी देना चाहूंगा कि शिवकाशी भारत के तमिलनाडु राज्य के विरुधुनगर जिले का एक शहर है, जो सबसे बड़ा पटाखा कारखाना में से एक है। यह शहर पटाखों और माचिस की फैक्ट्रियों के लिए जाना जाता है, जहाँ देश के 70% पटाखे और माचिस बनाये जाते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत पटाखा उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बाद भारत में ही सबसे अधिक पटाखे बनाए जाते हैं। आज भी भारत मे पटाखा इंडस्ट्री में बूम देखने को मिलता है। यदि आंकड़ों की बात की जाए तो पिछले साल ही दिल्ली को छोड़कर पूरे देश में खुदरा पटाखों की बिक्री ने छह हजार करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया था, हालांकि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पटाखों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है लेकिन बावजूद इसके भी आज पटाखों की बिक्री धड़ल्ले से होती है और दीपावली के अवसर पर विशेषतया खूब पटाखे फोड़े जाते हैं। वास्तव में हमें दीपावली के अवसर पर यदि पटाखों का प्रयोग करना ही है तो हमें ग्रीन पटाखों का उपयोग करना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि ग्रीन पटाखे दिखने और जलाने में सामान्य पटाखों की तरह ही होते हैं, लेकिन इनसे प्रदूषण कम होता है। इन्हें जलाने पर 40 से 50 फीसदी तक कम हानिकारक गैसें पैदा होती हैं। इनके इस्तेमाल से ध्वनि प्रदूषण में भी कमी देखी गई है। ग्रीन पटाखे सामान्य पटाखों की तुलना में आकार में छोटे और हल्के होते हैं, जिससे रॉ मैटीरियल का भी कम उपयोग होता है। ग्रीन पटाखे धूल को अवशोषित करते हैं और इनमें बेरियम नाइट्रेट जैसे खतरनाक तत्व नहीं होते हैं। वास्तव में इन पारंपरिक पटाखों में जहरीली धातुओं को कम खतरनाक यौगिकों से बदल दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित ग्रीन पटाखों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंजूरी दी है, इसलिए ग्रीन पटाखों का उपयोग करके हम अपनी परंपराओं का सम्मान करते हुए हमारे पर्यावरण व इस धरती की रक्षा भी कर सकते हैं। वास्तव में ग्रीन पटाखों के उपयोग के साथ ही हमें वोकल फॉर लोकल मतलब स्थानीय देसी उत्पादों के लिए भी आगे आना चाहिए। इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था को जहां एक ओर मजबूती मिलेगी, साथ ही साथ इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी पैदा होंगे।

दीपावली के मौके पर हम दीए से लेकर रौशनी और सजावट के लिए विदेशी वस्तुओं विशेषकर चाइनीज लाइटों, झालरों, लड़ियों, इलैक्ट्रोनिक आइटम्स की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन हम अक्सर यह बात भूल जाते हैं कि दीपावली पर उन घरों में भी खुशियों के दीपक जलने चाहिए जो सड़क / फुटपाथ, ठेलों , रेहड़ियों या अन्य जगहों पर अपने हाथों से बनाए/तैयार स्थानीय उत्पाद बेचते हैं।

## कविता

**गुस्से का तेरा कहर पसंद आया '**

गुस्से का तेरा कहर हमें पसंद आया,
हसीन मीठा जहर हमें पसन्द आया।।

कमसिन हो रंजिश की नहीं है उम्र,
गुस्से का नजराना हमें पसंद आया।

तिरछी नजरों से यूँ न देखा करो हमें
ये कातिलाना अंदाज हमें पसंद आया।

आते हो सुलह के बहाने रोज मिलने,
रूठ कर बापस जाना हमे पसंद आया।

दुश्मनी का अंदाज भी बेहद निराला है,
ख्वाबों में आंखें दिखाना पसंद आया।

ईश्वर ने तुम्हे बक्शी है सारी मासूमियत
खुलकर खिलखिलाना हमे पसंद आया।

कसमें खाती कभी ना मिलनें की फिर
भूल सब गले लग जाना हमें पंसन्द आया

संजीव
---------

## बम-पटाखों की मनी दिवाली

**रामविलास जांगिड़**

दिवाली का त्यौहार आया। चारों ओर रोशनी की जगमगाहट थी, रंगोली सजी थी और बम-पटाखों की आवाजें गूंज रही थीं। इस बार दीपावली के मौके पर रावण, दुर्योधन और कंस ने भी कुछ हटके करने का निश्चय किया। ये अपने-अपने युग के बड़े धुरंधर रहे हैं, मगर इतने सालों के इतिहास के बाद भी इन्हें दिवाली के पटाखों से कुछ खास लगाव हो गया था। लंकापति रावण ने सोचा कि इस बार कुछ बड़ा धमाका होना चाहिए। वह चाहता था कि उसकी शान-ओ-शौकत के अनुसार दिवाली हो। उसके पास सोने की लंका थी, तो उसने सोने के पटाखे बनवाए। मगर इतने सालों के एकांतवास के बाद, उसे विस्फोटक तकनीक का पूरा ज्ञान नहीं था। इसलिए उसने अपने दस सिरों की मदद से अलग-अलग दस पटाखे एक साथ फोड़ने का निर्णय लिया। लेकिन हुआ क्या? दस पटाखों के विस्फोट से उसकी नाक, कान और मूंछें झुलस गईं। ऐसा मंजर था कि खुद रावण को अपने दसों सिर एक साथ संभालने मुश्किल हो गए। अस्पताल में बैठे हुए रावण के सिर बड़बड़ाने लगे, "दीपावली के चक्कर में हमारा तो बुरा हाल हो गया। इससे तो अच्छा था कि हम राम से ही भिड़ते रहते।" रावण के दसों नाकों में प्रदूषण से सांस लेने में बहुत कठिनाई हुई और उसे वेंटिलेटर पकड़ना पड़ा। दुर्योधन का हाल भी कुछ ऐसा ही हुआ। उसने सोचा कि इस बार की दिवाली में वह भी किसी से कम नहीं रहेगा। दुर्योधन ने बड़ी मेहनत से गोला-बारूद का बंदोबस्त किया और सोचा कि इस बार अपने पांडव भाईयों के घर के पास ही धमाके करेंगे, ताकि उनका मनोबल तोड़ा जा सके। उसने गदा लेकर बमों पर प्रहार किया और सोचा कि इससे सभी लोग दहशत में आ जाएंगे। लेकिन उसकी गदा का प्रहार जैसे ही बमों पर पड़ा, एक ऐसा धमाका हुआ कि खुद दुर्योधन दस फीट हवा में उड़ गया। उसके शरीर पर जले हुए कपड़े और बमों की धमक का दर्द था। अस्पताल में लेटे हुए दुर्योधन कराहते हुए कहता है, "अरे कृष्ण ने भी ऐसी छल-कपट न दिखाई थी, जैसी इन बमों ने मेरे साथ कर दी।" अब बारी है कंस की। यह दुष्ट राजा भी पीछे रहने वालों में से नहीं था। उसने ठान लिया था कि अपने भांजे कृष्ण से बदला लेने का इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। उसने सोचा कि एक बड़ा सा बम बना दिया जाए और उसे कृष्ण के गोपालों के पास फोड़ दिया जाए। लेकिन समस्या ये हुई कि कंस को बम बनाने का तरीका नहीं आता था। उसने यूट्यूब पर वीडियो देखकर बम बनाने की कोशिश की। जैसे ही उसने उस बम को जलाया, धमाका इतनी जोर से हुआ कि कंस खुद गिर पड़ा। चेहरा काला हो गया, बाल झुलस गए, और कपड़े तो धुएं में गुम ही हो गए। अस्पताल में आते ही कंस ने कहा, "मैंने तो सोचा था कि मैं दिवाली पर अपने दुश्मनों को परास्त करूंगा, लेकिन यहां तो मैं खुद ही अस्पताल में पहुंच गया!" तीनों अस्पताल में लेटे हुए एक-दूसरे को देख कर अपनी किस्मत को कोस रहे थे।

## विचार

# सपने और बजट

**डॉ. सुरेश कुमार**

एक बार की बात है, एक छोटे से गांव में एक किसान, गोपाल, रहता था। उसकी दिनचर्या सरल थी; सूरज निकलने से पहले वह उठता, खेतों में काम करता और दिन भर मेहनत करता। गोपाल का सपना था कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए, ताकि वे गांव की गरीबी से निकल सकें। लेकिन हर साल की तरह, इस साल भी बारिश की कमी के कारण उसकी फसलें सही नहीं हुईं। एक दिन, गोपाल अपने खेत में काम कर रहा था जब उसने देखा कि गांव के एक बड़े नेता, श्रीमती राधिका, अपने चमचों के साथ उसकी ओर आ रही हैं। राधिका के पास हमेशा एक अद्भुत '४१' होती थी, लेकिन गोपाल को उनकी आवाज में कोई खास खुशी महसूस नहीं हुई।

"अरे गोपाल, तुम क्यों इतने उदास हो?" राधिका ने हंसते हुए पूछा। "जी, मैडम, फसल अच्छी नहीं हुई और घर में खाने के लिए भी कुछ नहीं है," गोपाल ने सिर झुकाते हुए कहा। "अरे, ये तो कोई बात नहीं है। हमारा नया बजट आने वाला है। उससे तुम्हारे जैसे बहुत से किसानों को मदद मिलेगी। हम हर समस्या का हल निकालेंगे," राधिका ने अपने चमचों को देखकर कहा, जो उनके समर्थन में सिर हिलाने लगे। राधिका ने गोपाल की चिंता को नजरअंदाज करते हुए आगे बढ़ने का निर्णय लिया। गोपाल ने सोचते-सोचते कहा, "मैडम, लेकिन क्या यह बजट वाकई हमें मदद करेगा? क्या हमें यह आशा करनी चाहिए कि हमारी फसलें सुरक्षित होंगी?" राधिका ने एक मुस्कान बिखेरते हुए कहा, "हमारा बजट बहुत अच्छा है। इसमें आपके लिए कई योजनाएं हैं।" और वे वहां से चली गईं। कुछ दिनों बाद, गांव में बजट का ऐलान हुआ। सब गांव वाले उत्सुकता से इकट्ठा हुए। राधिका ने मंच पर आकर बोलना शुरू किया। "मेरे प्यारे किसानों! हमारे नए बजट में आपके लिए बहुत सारे लाभ हैं। हम आपको सहायता राशि देंगे।" सभी किसान ताली बजाने लगे, लेकिन गोपाल को कुछ अजीब सा महसूस हुआ। "क्या यह सच में हमें मदद करेगा?" वह सोचने लगा। उसकी आँखों के सामने उसके बच्चों का चेहरा आ गया। वह उन बच्चों के सपनों को नहीं भूल सकता था। बजट के अंत में, राधिका ने कहा, "हम सबको मिलकर काम करना है। मैं आपको आश्वासन देती हूँ कि हमारे गांव में कोई भी किसान भूखा नहीं रहेगा।" लेकिन क्या यह आश्वासन सच में पूरा होगा? बजट के एक महीने बाद, गोपाल ने देखा कि कुछ किसान तो फिर भी भूखे थे, और कुछ ने अपने खेत बेच दिए थे। वह राधिका के पास गया। "मैडम, क्या आपने हमारी समस्याओं को सुना है? क्या आपका बजट वाकई हमारी मदद करेगा?" राधिका ने एक बार फिर वही उत्तर दिया, "देखो, हमें हर समस्या का हल निकालना होगा। हम जल्द ही स्थिति में सुधार करेंगे।" गोपाल का दिल टूट गया। "लेकिन क्या हमारी मेहनत की कोई कीमत नहीं है? क्या आपके वादे केवल शब्दों की परत हैं?" राधिका ने कोई जवाब नहीं दिया। गोपाल का मन भारी हो गया। उसने अपने बच्चों की यादों में खोते हुए सोचा, "क्या वे कभी स्कूल जा पाएंगे? क्या उनका भविष्य सिर्फ वादों पर निर्भर करेगा?" वहां से लौटते वक्त गोपाल ने आसमान की ओर देखा, जैसे कि वह खुद से पूछ रहा हो, "क्या उम्मीदें और सपने केवल एक बजट में समा सकते हैं?" उसकी आँखों में आंसू थे, और दिल में एक गहरी निराशा।

।गांव में बजट की धूमधाम थी, लेकिन गोपाल को पता था कि असली समस्या अब भी वहीं थी, और वह चुपचाप अपनी कड़ी मेहनत के फलों के लिए इंतजार कर रहा था।

उसकी आंखों में आंसू थे, जो अपने सवाल के साथ एक बार फिर बहे–"क्या हमारा संघर्ष कभी खत्म होगा?"



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com




### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# साक्षरता पर सोशल मीडिया का प्रभाव

**विजय**

सोशल मीडिया का साक्षरता पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव पड़ा है। यहां इसके प्रभाव का एक सिंहावलोकन दिया गया है:

**सकारात्मक प्रभाव:**

**पढ़ने और लिखने में वृद्धि: सोशल** मीडिया प्लेटफॉर्म लोगों को अधिक नियमित रूप से पढ़ने और लिखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, चाहे पोस्ट, टिप्पणियों या सीधे संदेशों के माध्यम से। पाठ के साथ यह लगातार जुड़ाव लोगों को साक्षरता कौशल का अभ्यास करने में मदद करता है, विशेष रूप से युवा उपयोगकताओं को जो अन्यथा पढ़ने के पारंपरिक रूपों से बच सकते हैं।

**विविध सामग्री तक पहुंच:** सोशल मीडिया समाचार लेखों से लेकर ब्लॉग, कहानियों और चचाओं तक सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्रदान करता है। यह प्रदर्शन उपयोगकताओं के पढ़ने के क्षितिज को व्यापक बनाता है और उन्हें विभिन्न लेखन शैलियों और विचारों से परिचित कराता है।

**डिजिटल साक्षरता कौशल:** जैसे-जैसे लोग सोशल मीडिया से जुड़ते हैं, वे आवश्यक डिजिटल साक्षरता कौशल विकसित करते हैं। इनमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नेविगेट करना, स्त्रोतों का मूल्यांकन करना और मीडिया संचार के विभिन्न रूपों को समझना शामिल है, जो आधुनिक डिजिटल परिदृश्य में महत्वपूर्ण हैं।

**वैश्विक संचार:** सोशल मीडिया उपयोगकताओं को विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं के लोगों से जुड़ने की अनुमति देता है, जिससे अंतर-सांस्कृतिक साक्षरता और भाषा सीखने को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए, उपयोगकर्ता वैश्विक दर्शकों के साथ बातचीत के माध्यम से नई भाषाएँ या शब्दावली सीख सकते हैं।

**नकारात्मक प्रभाव:**

**अनौपचारिक भाषा का उपयोग:** सोशल मीडिया अक्सर अनौपचारिक भाषा, स्लैंग, संक्षिप्ताक्षर और इमोजी के उपयोग को प्रोत्साहित करता है। समय के साथ, यह पारंपरिक लेखन और व्याकरण संबंधी कौशल को नष्ट कर सकता है, खासकर युवा उपयोगकताओं में जो औपचारिक पढ़ने या लिखने की तुलना में ऑनलाइन अधिक समय बिताते हैं।

## मिठाइयों की उम्र

**विजय गर्ग**

**सर्वोच्च** न्यायालय ने दो साल पहले दिल्ली समेत महानगरों में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के चलते पटाखे छुड़ाने के बजाय मिठाइयां खाकर दिवाली मनाने की सलाह दी थी। अच्छे हलवाई की दूध- खोए की मिठाइयां अब सात सौ रुपए किलो से ऊपर ही मिल रही हैं। सबसे ज्यादा और स्वादिष्ट मिठाइयां दूध से ही बनती हैं। समय का कैसा उलटफेर है कि एक जमाने में पटाखों पर कोई रोक-टोक नहीं थी, जबकि दूध और दुग्ध पदार्थों पर नियंत्रण रखा जाता था । इस हद तक कि 1970 के दशक में देश के कई राज्यों में दूध पर पहरा लगने लगा था। उत्तर प्रदेश दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थ नियंत्रण अधिनियम लागू किया गया, जिससे दूसरे राज्यों को दूध की आपूर्ति पर रोक लग गई। यही नहीं, पूरे देश में गर्मी के दिनों में पनीर और दूध की मिठाइयां बनाने-बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता, ताकि दूध का इस्तेमाल इनके लिए न हो सके। इससे पहले 1965 में पश्चिम बंगाल में 'छैना स्वीट्स कंट्रोल आर्डर' जारी किया गया, तो ऐसा ही कानूनी नियंत्रण पंजाब में 1966 में आया । इसी बीच, दिल्ली में भी दूध की रोक-टोक के लिए कड़ा कानून लागू किया गया। कानूनी रोक के मुताबिक, दिल्ली में पच्चीस से अधिक मेहमान-संख्या के समारोह आयोजन में खोया, छैना, रबड़ी और खुरचन से बनी मिठाइयां नहीं खाई जा सकतीं। मौके बेमौके मिठाइयां खाने-खिलाने की चाह हर किसी को होती ही है । इसीलिए हर तीज-त्योहार से किसी न किसी मिठाई का खास जुड़ाव रहता है। कम ही खाने वाले जानते हैं कि मिठाइयों की भी एक उम्र होती है । उसके बाद उसकी गुणवत्ता में गिरावट शुरू हो जाती है । होली पर गुझिया का बोलबाला होता है, तो सावन के महीने में घेवर का । घेवर तो मुश्किल दो दिन ही चलता है, जबकि माना जाता है कि गुझिया काफी दिनों कर खराब नहीं होती, और खाने लायक रहती है। लेकिन ऐसा है नहीं । हलवाइयों की माने तो खरीदने के चार दिनों में गुझिया खा लेनी चाहिए। कलाकंद, मिल्क केक और बर्फी जैसी दूध-खोये से बनी मिठाइयां चंद दिनों के लिए ही अच्छी रहती हैं, भले ही इन्हें हिफाजत से फ्रिज में रखा जाए।

## न्यूज फ्लैश

### जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स के साथ साझेदारी की

**नोएडा।** जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल टूर्नामेंट के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह दिल्ली के खेल कैलेंडर में एक ऐतिहासिक आयोजन है और पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह साझेदारी भारत की उभरती उप–संस्कृतियों को बढ़ावा देने और साझा जुनून के इर्द–गिर्द समुदायों को एकजुट करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। डीयूपीआर द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित दिल्ली टूर्नामेंट दुनिया भर के उत्साही लोगों को आकर्षित करता है, जिसमें सभी स्तरों के पिकलबॉल खिलाड़ी एक साथ आते हैं। हमारी भागीदारी के हिस्से के रूप में, जावा येजदी के राइडर्स की कम्यूनिटी इवेंट गतिविधियों में भाग लेगी, जो खेल के आनंद और हमारे मोटरसाइकिलिंग लोकाचार को प्रतिबिंबित करने वाले कनेक्शन दोनों का जश्न मनाएगी। जावा येजदी मोटरसाइकिल के सीईओ श्री आशीष सिंह जोशी ने सहयोग के लिए अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, "मोटरसाइकिलिंग की तरह पिकलबॉल भी आंदोलन, सौहार्द और समुदाय के आनंद पर पनपता है। डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स का समर्थन करके, हम अपने समुदाय के लिए इस तेजी से बढ़ते खेल की ऊर्जा का अनुभव करने के लिए नए रास्ते बना रहे हैं। हमारे लिए, यह सिर्फ एक साझेदारी से कहीं अधिक है; यह उसी भावना का उत्सव है जो हमारे सवारों को एक साथ लाता है।" पिकलबॉल के साथ यह जुड़ाव जावा येजदी के उपसंस्कृतियों के प्रति निरंतर समर्पण को दशार्ता है जो नए अनुभवों और कालातीत




सामुदायिक बंधनों को बढ़ावा देते हैं। खेल, आंदोलन और स्वतंत्रता का जश्न मनाने के लिए सवारों और एथलीटों के साथ, डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स ब्रांड के लिए एक यादगार अध्याय और भारत के जीवंत पिकलबॉल दृश्य के लिए एक निर्णायक घटना होने का वादा करता है। जावा मोटरसाइकिल लाइन–अप में शामिल हैं: जावा 350, जावा 42, 350 जावा 42 ऋख, जावा 42 बॉबर और जावा पेराक। येज्दी मोटरसाइकिल लाइन–अप में शामिल हैं: येज्दी रोडस्टर, येज्दी स्क्रैम्बलर और येज्दी एडवेंचर।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार किया

**नोएडा।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज दिल्ली के पीतमपुरा में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस शुभारंभ के साथ, बैंक राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है, तथा स्थानीय समुदायों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित कर रहा है।इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, "हमें दिल्ली में अपने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार करके खुशी हो रही है। अपनी पुरानी विरासत और समृद्ध समुदाय के लिए प्रसिद्ध पीतमपुरा राज्य में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन से न केवल स्थानीय समुदायों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुँचने में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों के भीतर आर्थिक विकास, वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।"



बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद– जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है। बैंक के पास बहुत ही अच्छा बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है।उत्कर्ष एसएफबीएल का मकसद उन लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है जिन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं नहीं पहुंच सकी हैं या कम पहुंची हैं। बैंक ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की अपनी कोशिश में माइक्रो–बैंकिंग लोन (जेएलजी लोन), एमएसएमई लोन, हाउसिंग लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध करवाती है।

# युवाओं को रोजगार के लिए केन्द्र सरकार बनाएगी नए औद्योगिक शहर: कृष्ण पाल

## स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली जाएगी और देश के इन्फ्रास्टकचर को मजबूत बनाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि केन्द्र सरकार युवाओं के लिए रोजगार हेतू अवसर पैदा करने के लिए देश में नए औद्योगिक शहर बनाएगी। इस योजना के तहत गैस पाईप लाईन, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली जाएगी और देश के इन्फ्रास्टकचर को मजबूत बनाया जाएगा। अहम पहलू यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक क्लिक से देश के 51236 युवाओं को केवल सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए है, अपितु यह युवा पीढी भारत को वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने की राह को सहज बनाएगी। यहीं युवा पीढी ही विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने का काम करेगी।



केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल मंगलवार को एसडी कॉलेज अम्बाला छावनी के सभागार में डाक विभाग की तरफ से आयोजित रोजगार मेले में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाईन प्रणाली से देश के 51236 युवाओं को अलग-अलग विभागों के लिए नियुक्ति पत्र जारी करते हुए हरियाणा सरकार की प्रंशसा की और देशवासियों को बताया कि हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार का संकल्प पूरा करते हुए शपथ ग्रहण से पहले प्रदेश के लगभग 26 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नियुक्ति पत्र जारी करने के उपरान्त केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल ने प्रदेशभर से आए युवाओं को दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए 31 युवाओं, डाक विभाग में 52, आईटीबीपी में 30, पीएनबी में 67, एसबीआई में 28, एनआईटी कुरूक्षेत्र में 3, एफसीआई, डीओपी, यूको बैंक, इंडिण्यन ओवरसिस बैंक व रेलवे में 1-1 युवा को नियुक्ति पत्र वितरित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व पर देश के 51236 परिवारों को दोहरी खुशी बनाई जाएगी। इसके अलावा हरियाणा प्रदेश में भी 26 हजार से ज्यादा युवाओं के परिवारों में सरकारी नौकरी मिलने पर खुशियां मनाई जाएगी।

# समाधान शिविर मे लोगों का त्वरित हो रहा समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार आमजन की समस्याओं के निवारण हेतु अंबाला के सभी नगर निकायों एवं खण्डों मे निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है जिसमें उच्च अधिकारियों की निगरानी एवं अध्यक्षता में समाधान शिविर मे लोगों द्वारा प्राप्त होने वाली अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निपटान करवाया जा रहा है और शेष जांच या अन्य कारणों से सम्बंधित लम्बित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जा रहा है।

इसी कड़ी मे डीएमसी दीपक सूरा की अध्यक्षता मे नगर निगम अंबाला शहर मे समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने लोगो की समस्याओं को बड़े ही ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिक शिकायतों का मौके पर समाधान करवाया।

बता दें कि नगर निगम अंबाला शहर के समाधान शिविर मे 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान हो गया और शेष शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।

## पैंशन उपभोक्ताओं को लगवानी होगी अपनी बायोमैट्रिक हाजिरी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 नवम्बर से 25 नवम्बर तक जिला के सभी पैंशन उपभोक्ताओं को प्रात: 9 बजे से सांय 5 बजे तक जिला खजाना अधिकारी कार्यालय या किसी भी उपखजाना कार्यालय में आकर अपनी बायोमैट्रिक हाजिरी लगवानी होगी उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ए अक्षर के नाम वाले पैंशन उपभोक्ता के लिए 4 नवम्बर, बी अक्षर के नाम वालों के लिए 5 नवम्बर, सी और डी अक्षर के नाम वालों के लिए 6 नवम्बर, ई, एफ, जी, एच, आई अक्षर के नाम वालों के लिए 7 नवम्बर, जे और के अक्षर के नाम वालों के लिए 8 नवम्बर नाम वालों के लिए 22 नवम्बर 2024 बायोमैट्रिक लगवाने के लिए तिथि निर्धारित की गई है।

# श्रीकृष्ण आयुष विवि में मनाया गया 9वां आयुर्वेद दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में मंगलवार को धनतेरस पर 9वां आयुर्वेद दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह हवन यज्ञ में आहुति के साथ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की गई और अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। जिनका स्वागत व अभिनंदन रजिस्ट्रार कृष्ण कुमार जाटियान द्वारा किया गया। रोग निदान एवं विकृति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. दिप्ति पराशर ने कार्यक्रम की



विस्तृत जानकारी गणमान्य अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि है, जो अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए। इस दिन उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। मगर धनतेरस दिवस केवल गोल्ड और चांदी की खरीदारी तक सीमित गया है, जबकि रोग मुक्त जीवन और ज्ञान की प्राप्ति व्यक्ति के जीवन का असली धन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में नवाचार को अपनाकर प्राचीन मूल्यवान प्राचीन ज्ञान को खोए बिना मूल्य संवर्धन होना चाहिए। आज हर व्यक्ति अच्छे स्वास्थ्य के साथ स्थाई उपचार चाहता है आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इस मामले में उपयोगी है। कोरोना महामारी के दौरान पूरा विश्व आयुर्वेद की क्षमता को पहचान भी गया है। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विश्वविद्यालय परिवार को आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिंतन और मनन के बल पर ही नवाचार संभव है और नवाचार पूर्व और नूतन ज्ञान के आधार पर ही संभव हो सकता है।

लेकिन बुद्धिमान दोनों को तार्किक कसोटी पर कसकर ही आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान तो मनुष्य ने अर्जित कर लिया, मगर क्या इसका उपयोग अपने लिए कर रहे है। इसलिए जीवन की सफलता के लिए आवश्यक है ज्ञान, दर्शन और चरित्र की दूरी को मिटाना, उसमें सामंजस्य स्थापित करना।

## परम्परागत एवं प्रदूषण रहित दीपावली मनाएं: धनखड़



**सोनीपत,** कांग्रेस पार्टी के पंचायती राज प्रकोष्ठ के महासचिव एवं सोनीपत के प्रसिद्ध समाजसेवी विनोद धनखड़ ने देशवासियों से अपिल करते हुए बताया कि वैसे तो अपने भारत में अनेक त्यौहार मनाएं जाते हैं परन्तु दिपावली पर्व एक अनौखा त्यौहार है जिसमें घरों की साफ-सफाई और रंगों से सजाया जाता है तथा अनेक प्रकार के खाने बनाएं जाते हैं। उन्होंने कहा कि दिपावली पर्व श्रीराम जी के घर वापसी पर दिप जलाकर उत्सव मनाया गया था तब से हमारी सनातनी परंपरा में दिपावली पर्व मनाना शुरू हुआ। लेकिन आज आधुनिक युग में युवा दिपों की जगह अपने घरों में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कर एवं पटाखे व बंम्ब फोड़ कर दिपावली पर्व मनाते हैं जो बहुत ही जहरीली गैस छोड़ते है जिससे अस्थमा के रोगियों एवं आमजन को सांस लेने में दिक्कत होती है और पटाखों से हवा में जहरीली गैस मिल जाती है जिससे अनेक बिमारीयां उत्पन्न होने का भय रहता है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए जिलावासियों का आह्वान किया कि त्योहारी सीजन के चलते वे मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों विशेषकर मिलावटी मिठाइयों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थ सेहत व स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं, आमजन को इसके प्रति सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मिलावटखोरों पर पैनी नजर है। इसके लिए संबंधित विभाग लगातार छापेमारी कर मिठाई की दुकानों की चैकिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई दुकानदार मिठाई में मिलावट करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। क्योंकि लोगों के स्वास्थ्य को लेकर किसी बात का समझौता नहीं किया जा सकता।

त्योहारी सीजन को लेकर उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारवार्ता ने उपायुक्त ने उपस्थित पत्रकारों को दिवाली की शुभकामानाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार आपके और आपके

**सख्ती**

**▶▶ मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों विशेषकर मिलावटी मिठाइयों से सावधान रहें**

परिवार के लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण मुक्त बाजारों में ज्यादा व्यापार की उम्मीद है इसलिए सभी दुकानदार जिला प्रशासन का सहयोग करें और अपने सामान को दुकान के सामने रोड़ पर रखने की बजाय दुकान के अंदर ही रखे ताकि रोड़ से आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और जाम की स्थित भी उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जो भी दुकानदार अपने सामान को रोड़ पर रखे मिला तो उसके सामान को जब्त कर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वे इस बार प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं और स्वयं भी पटाखों का प्रयोग न करें और दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि दिवाली पर अगर हम पटाखों का प्रयोग करते है तो इससे हमारे पैसों की भी बबार्दी होती है और हमारा वातावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा व वायु गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए जिला में बेरियम साल्ट वाले पटाखों के उत्पादन, बिक्री व पटाखे बजाने पर पाबंधी रहेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा सूचना मिलने पर लगातार छापेमारी की जा रही है अगर किसी व्यक्ति के पास पटाखों का स्टॉक पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही ही जाएगी।

# स्कूल के छात्रों ने अभिभावकों के साथ जलाया 'एक दिया स्कूल के नाम'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज राजकीय प्राथमिक पाठशाला निवारसी कॉलोनी में विद्यालय के सभी बच्चों व उनके अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों और विद्यालय स्टाफ नें दीपावली के पावन अवसर प? एक दीया विद्यालय के नाम प्रज्जवलित किया ' विद्यालय इंचार्ज प्रदीप कुमार नें बताया कि शिक्षा विभाग नें मैगा अध्यापक अभिभावक मीटिंग के माध्यम से सभी बच्चों व उनके अभिभावकों को प्रेरित किया गया था कि 28 अक्टूबर 2024 की शाम सभी बच्चे अपने घर से एक दीया व तेल बाती लेकर विद्यालय आएंगे और दीप से दीप जलाकर एक दीया विद्यालय के नाम अभियान को सफल बनाएंगे ' शाम को एक दीया विद्यालय के नाम अभियान में गाँव निवारसी कॉलोनी के सभी बच्चों, उनके माता -पिता, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व पंच प्रतिनिधि नें भाग लेकर बहुत खुशी जाहिर की और शिक्षा विभाग व विद्यालय के प्रयासों की खूब सराहना की ' इस अवसर पर विद्यालय इंचार्ज प्रदीप कुमार नें सभी की उपस्थिति पाकर सभी का आभार अभिव्यक्त जताया।



## अवैध निर्माणों पर कार्रवाई शुरू

**पानीपत ( कमाल हुसैन )**
शहर में चर्चा का विषय बनी टीडीआई में पिछले कई महीनो से चल रही आंदोलन के बीच आज नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए 8 बिल्डिंगों पर नोटिस चश्पा कर अवैध निर्माण करने वाले भवन मालिकों से स्पष्टीकरण मांग कर अवैध निर्माणों को हटाने का आदेश दिया है अभी इस मामले में ग्रीन बेल्ट, पार्क और सड़क की जमीनों पर सैकड़ो करोड़ का घोटाला कर फर्जी तरीके से कराई गई रजिस्ट्री और अवैध निर्माणों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में शिकायतकर्ता जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने कहा की टीडीआई मालिक नगर निगम, तहसील कार्यालय से मिली भगत करके सैकड़ो करोड़ की सरकारी की जमीन जिसमें ग्रीन बेल्ट पार्क और सड़क आती है।

# प्रवचन सुनना आत्मिक विकास का भी एक साधन: मुनि

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: नेपाल केसरी**, राष्ट्र संत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि धर्म सभा में प्रवचन सुनना केवल एक धार्मिक कृत्य नहीं है, बल्कि यह आत्मिक और मानसिक विकास का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। जब हम धर्म सभा में उपस्थित होते हैं, तो हमारा उद्देश्य केवल शारीरिक रूप से वहाँ होना नहीं होता, बल्कि हमारे मन और आत्मा का भी वहाँ होना आवश्यक है। यह प्रवचन हमें ज्ञान और आत्मा की शुद्धि की ओर ले जाते हैं, जिससे हमारा श्रद्धा भाव बढ़ता है। डॉ श्री मणि भद्र मुनि जी महाराज शहर की गुड मंडी स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्त जनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि श्रद्धा का अर्थ है किसी के प्रति गहरी आस्था और विश्वास। यह केवल धार्मिक आस्थाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। जब हम धर्म के प्रति श्रद्धा का अनुभव करते हैं, तो हम अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव देख सकते हैं। श्रद्धा हमें प्रेरित करती है, कठिनाइयों का सामना करने की ताकत देती है, और हमारे जीवन को एक उद्देश्य प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रवचन हमारे लिए मार्गदर्शन का काम करते हैं। ये हमारे जीवन के उद्देश्य, नैतिकता, और धार्मिक मूल्यों के बारे में हमें जागरूक करते हैं। जब हम ध्यानपूर्वक सुनते हैं, तो हम ज्ञान को आत्मसात कर सकते हैं और इसे अपने जीवन में उतार सकते हैं। प्रवचन हमें समझाते हैं कि धर्म केवल एक आस्था का नाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि धर्म सभा में उपस्थित होना एक अवसर है, जो हमें ज्ञान, प्रेरणा, और आत्मिक शांति प्रदान करता है।



# भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यलय में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी 2024 सदस्यता अभियान की रणनीतियों और योजनाओं पर चर्चा की गई।कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने की व मंच संचालन तेजीन्द्र गोल्डी ने किया जिसमें जिला कार्यकताओं और पार्टी के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर सदस्ता अभियान के प्रदेश संयोजक अशोक गुज्जर द्वारा कार्यकताओं को नए सदस्यों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया और अभियान की सफलता के लिए आवश्यक उपायों पर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि हम अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें और उन्हें हमारी विचारधारा के प्रति जागरूक करें।हमें हर घर तक पहुंचना है।" उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिला का तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके अंतर्गत बूथ स्तर पर 250 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यशाला में सदस्यता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई, जिसमें जन जागरूकता कार्यक्रम,जनसभाएँ और ऑनलाइन सदस्यता पंजीकरण शामिल हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सभी कार्यकताओं को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राहुल राणा ने कहा कि यह कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी के सशक्तिकरण और संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।आई टी विभाग के विक्रम शर्मा ने पी पी टी के माध्यम से कार्यकर्ताओ को सदस्ता अभियान में जोड़ने के तरीके से अवगत करवाया। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मवीर डागर,पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स,रविन्द्र सांगवान,ऋषिपाल मथाना,सतपाल मास्टर,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल सुधा,गुलशन सैनी,अमन भार्गव,सोमपाल राणा,ललित माट्टा के साथ-साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।




**चर्चा**

**▶▶ कार्यशाला में आगामी 2024 सदस्यता अभियान की रणनीतियों और योजनाओं पर चर्चा की गई**

# महंत प्रभात पुरी कन्या में दीपोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में दीपोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा रहे। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि कक्षा 1 से 5 की रंगोली प्रतियोगिता में राधिका प्रथम,आनंद द्वितीय तथा यशिका व हरमन ने तृतीय स्थान पाया। परिधि को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी प्रतियोगिता के 6-8 कक्षा वर्ग में रितिका, माही, अंजलि व मानवी पहले,सुख सिमरन,पलक, निष्ठा व पुष्पा दूसरे तथा आरूषि ,अंशिका व दिव्या तीसरे स्थान पर रही। कार्ड मेंकिंग के कक्षा 1-5 वर्ग में महिका ,यशिका, सिमरदीप व परी ने क्रमश पहले चार स्थान प्राप्त कर अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया जबकि दिया डेकोरेशन की प्रतियोगिता में वैशाली प्रथम, नैन्सी द्वितीय तथा चिराग व आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पाट डेकोरेशन में 9-12 कक्षा वर्ग में डिंपल व संजना ने बाजी मारी जबकि इसी वर्ग की राधिका, खुशी व ट्विंकल कार्ड मेंकिंग की विजेता रही।



कार्ड मेंकिंग के 6-8 वर्ग में स्नेहा, सिमरनजीत पहले, रचना, वैष्णवी दूसरे तथा अंजलि व हरमन ने तीसरे स्थान पर रह कर गौरव प्राप्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ हुआ



राई। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई में ह्यनेशनल यूनिटी डे पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान रन फॉर यूनिटी यानी एकता दौड़ का आयोजन हुआ। खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार, आईपीएस ने कहा कि यह न केवल भारत की एकता के लिए एक संकल्प है, बल्कि यह विकसित भारत के लिए भी एक संकल्प बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान सरदार पटेल की याद में एकता दौड़ आयोजित करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जिस तरह सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ शक्ति के बल पर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, उससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। इस मौके पर मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई की प्रधानाचार्य मौसमी घोषाल, प्रशासकीय अधिकारी कर्नल मोहित कपूर, शैक्षणिक अधिकारी प्रमोद धीमान व खेल अधिकारी चन्द्र शेखर शर्मा के साथ साथ अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे।

### गन्नौर प्रैस एसोसिएशन के दलबीर राठी बने प्रधान, सचिव बने विनोद राठी



गन्नौर। गन्नौर प्रैस एसोसिएशन की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। क्लब के सरंक्षक रामकुमार धीमान की अध्यक्षता में हुई बैठक में दलबीर राठी को क्लब का प्रधान, एसोसिएशन के पूर्व प्रधान विनोद राठी को सचिव, कोषाध्यक्ष आशीष मुदगिल को बनाया गया। क्लब के नए प्रधान बने दलबीर राठी का एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान दलबीर राठी ने प्रधान बनाने पर क्लब के सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि वे एसोसिएशन में समाज सेवा व अन्य कार्य करते हुए आगे बढाने का काम करेंगे। एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें जिस उम्मीद से प्रधान की जिम्मेदारी दी है। उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। राठी ने कहा कि पौधारोपण, पर्यावरण सरंक्षण व जागरूकता के अलावा अन्य कार्य करेंगे। इस मौके पर एसोसिएशन के सदस्य नरेन्द्र शर्मा, कपिल शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, अशोक राठी नियुक्त किए गए।

# 5 सालों में शहर के विकास को लगेंगे पंख: विधायक प्रमोद विज

### शिक्षा, स्वस्थ्य, परिवहन, अवैध अतिक्रमण को लेकर किया गया मंथन व चिंतन

**विकास पर बल**

**बिजली विभाग, परिवहन विभाग या निगम से संबंधित हो या जनता से जुड़ा अन्य विभाग**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** शहरी विधायक प्रमोद विज ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे शहर की दिशा और दशा सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत है। आने वाले पांच सालों में शहर के विकास को लगेंगे पंख। शहर को 1700 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है इसके जल्द ही अच्छे परिणाम दिखाई देने शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि जिस गति से शहर में ट्रैफिक बढ़ रहा है उसी गति से लगता है कि आने वाले 10 सालों में 4 लाख से ज्यादा ट्रैफिक सडक पर दिखाई देगा। हमें इसको लेकर मुस्तैदीपूर्वक कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहर में महिला महाविद्यालय शुरू करने को लेकर उनकी बातचीत चल रही है। इस महाविद्यालय की जरूरत भी है। शहर में एक बड़े स्कूल निर्माण को लेकर भी वे गंभीर है। इस पर भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर में प्रगति दिखाई देनी चाहिए चाहे वह बिजली विभाग, परिवहन विभाग या निगम से संबंधित हो या जनता से जुड़ा अन्य विभाग। उन्होंने शहर के साथ विभागों अनुसार तैयार किये गए एजेंडे पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की व इसे सख्ताई से लागू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में एजेंन्डे में उन्हीं विषयों पर चर्चा हुई जिनका संबंध सीधा नागरिकों की समस्याओं के साथ जुड़ा है। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं को शीघ्रता से लागू करने, शहरी की सफाई, बिजली व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण, खादय एवं आपूर्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी, एचएसआरडीसी, यूएचबीवीएन, एचएसएचडीसी, एचएसबीपी, रोडवेज, शिक्षा, डीएफएसओ विभागों में पिछले दिनों से बची समस्याओं को दूर करने को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर मंथन व चिंतन किया।

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने विधायक को आश्वासन दिया कि जिस एजेंडे पर बैठक में विचार विमर्श किया गया है उसे विभाग अनुसार अतिशीघ्र पूरा किया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की कौताही बरदास्त नहीं होगी। उन्होंने विधायक को आश्वस्त किया कि अगली समीक्षा बैठक से पहले इस पर प्रगति दिखाई देगी। उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बातचीत कर एक निश्चित समय अवधि में एजेंडे पर कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

विधायक ने निगम के 33 सूत्रीय एजेंडे में हाली पार्क के अलावा हाली झील को लेकर प्रगति जानी व अधिकारियों को इस पर और तीव्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों का संचालन, नई स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, असंध रोड फ्लाईओवर पर लाइटों की व्यवस्था, जाटल रोड फ्लाईओवर, गोहाना रोड फ्लाईओवर व गंगापुरी रोड पर लाइटों की व्यवस्था करने और निकिताशा रोड पर अतिरिक्त लाइटें लगाने के निर्देश दिए। विधायक ने संजय चौक से नहर तक स्ट्रीट लाइट लगाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

## स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर छात्रों ने निकाली रैली



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर ने विद्यालयों के बच्चों के साथ स्वच्छ अभियान जन चेतना रैली निकाली। रैली को गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में नव ज्योति शिक्षा सदन भांवर एवं गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार गन्नौर के विद्यार्थियों ने हाथों में बैनर लेकर जागरूक किया। रैली लहरी सिंह पार्क से शुरू होकर रेलवे स्टेशन से होते हुए रेलवे रोड से वापिस पार्क में आकर समाप्त हुई। स्वच्छता अभियान व जागरूकता रैली की सराहना करते हुए विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता आएगी। कादियान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा देश को स्वच्छ बनाने के लिए चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता सत्याग्रही बनकर कार्य करें। जिस देश एवं प्रदेश में जितनी अधिक स्वच्छता होगी, वह प्रदेश हर क्षेत्र में उतना ही अग्रसर होगा। इसलिए देश एवं प्रदेश के विकास के लिए स्वच्छता को अपनाएं और अन्य लोगों को भी स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करें। विधायक ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि स्वच्छता को बनाए रखने के लिए लागू की गई योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करें। इस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, संघ के जिला व्यवस्था अधिकारी कृष्ण जिंदल, महिला संयोगिका मनीष जैन, गायत्री विद्यापीठ की प्रिंसिपल एवं भारत विकास परिषद की वरिष्ठ सदस्य शकुंतला कौशिक, उपाध्यक्ष राजकुमार, जगदीश व्यास, सुभाष, प्रवीण जग्गा, नरेश आदि मौजूद थे।

## पटाखों की अवैध बिक्री को रोकने के लिए किए 9 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त: राजेश जोगपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त एवं जिलाधीश राजेश जोगपाल ने कहा कि दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है। जिला कुरुक्षेत्र में दीपावली पर्व के दौरान अवैध पटाखों की बिक्री को रोकने लिए तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय व राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों की अनुपालना के तहत जिले में 9 अधिकारियों को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है जिसमें लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता राजकुमार, लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अभियंता चरणजीत, यूएचबीवीएन पिहोवा के कार्यकारी अभियंता भूपेन्द्र पाल सिंह, यूएचबीवीएन शाहबाद के कार्यकारी अभियंता मेहताब सिंह, पशु चिकित्सक लाडवा संदीप गुलिया, पशु चिकित्सक बाबैन डा. मनजीत कटारिया, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड कार्यकारी अभियंता पिपली सतीश कुमार, एई एसडीओ ओप रमेश कुमार, एवएसपीवी एसडीओ विनोद कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## वातावरण को शुद्ध रखते हुए पटाखे मुक्त दीपावली मनानी चाहिए: प्रो. सोमनाथ


**संस्कृति**

**इस त्यौहार को दीप जलाकर मानना चाहिए जो कि हमारी संस्कृति का प्रतीक भी मानी जाती है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा एवं केयू के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की वाइस चेयरपर्सन डॉ सुनीता दलाल के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह के मार्गदर्शन में दीपावली के उपलक्ष्य में मंगलवार को प्रदूषण मुक्त दीपावली जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ कुलपति आवास स्थल से हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है और खुशी के साथ हमें इस त्यौहार को मनाना चाहिए हमें अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध रखते हुए पटाखे मुक्त दीपावली मनानी चाहिए और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह रैली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, संस्थानों से होती हुई कुलसचिव कार्यालय पहुंची जहां कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को राम जी के जीवन के आदर्शों को अपने कर्म क्षेत्र में स्थान देना चाहिए और धैर्य से अपने इस त्यौहार को मनाना चाहिए। इसके बाद प्रो. जितेंद्र शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को दिए जलाकर दीपावली के इस पावन त्यौहार को मनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र एवं दिनेश रहे। वाइस चेयरपर्सन सुनीता दलाल ने सभी बच्चों को पॉल्यूशन फ्री दीपावली कैसे मनाएं इसके गुण सिखाए एवं कहा कि दीपावली दीपों की माला के इस त्यौहार को दीप जलाकर मानना चाहिए जो कि हमारी संस्कृति का प्रतीक भी मानी जाती है।

## रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिंदू स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**प्रतियोगिता**

**ऐसी प्रतियोगिता करवाते रहना चाहिए। छात्रों ने कमरा सजाओं में पर्यावरण रक्षा व जीवन सुरक्षा का संदेश दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी केसरी में रंगोली बनाओं व कमरा सजाओं प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कविता राठी ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर स्कूल की प्रबंधक नीलम आंतिल व प्रधानाचार्य कृष्ण आंतिल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। रंगोली बनाओं प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में नौवीं कक्षा ने प्रथम, दसवीं कक्षा के छात्रों ने द्वितीय, आठवीं ने तृतीय, प्राईरी विंग में दूसरी कक्षा प्रथम, नर्सरी और फस्ट ने द्वितीय, तीसरी व पांचवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण के बाद संबोधित करते हुए मुख्यातिथि कविता राठी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों के अन्दर छुपी प्रतिभा निखरकर आती है। इसलिए समय- समय पर ऐसी प्रतियोगिता करवाते रहना चाहिए। छात्रों ने कमरा सजाओं में पर्यावरण रक्षा व जीवन सुरक्षा का संदेश दिया है। प्रतियोगिता की व्यवस्था शिक्षक संदीप मोर, नीलम आंतिल, ज्योति बड़क, वर्षा ढाका, मीनाक्षी बड़क, उषा दहिया, दीप्ति वर्मा आदि ने संभाली।

## धनतेरस पर्व के अवसर पर बीमार गौमाताओं को हरा चारा व गुड़ खिलाया: दिलबाग



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जटवाड़ा की शाखा कामी रोड पर स्थित गौशाला में बीमार गौमाताओं की सेवा की जैसे शाम का चारा निकालना, पानी पिलाना गोबर उठाना, झाडू लगाना, हरा चारा डालना तथा गौमाताओं की कमर पर खुर्रा फेरना। इसके उपरांत सामान्य गौमाताओं को हरे चारे के 12 कटे व ढाई किलो गुड़ खिलाया। दिलबाग सिंह गौभक्त ने बताया कि गौमाताओं की सेवा करने में बहुत आनंद आता है गौमाताओं भी अच्छी तरह से अपने शरीर पर खुर्रा फिरवाती हैं। मेरा सभी से आवाह्न है कि मूक प्राणियों को ज्यादा से ज्यादा सेवा करें। विकास ने कहा कि हमारी गौभक्तों की टीम सप्ताह में एक बार गौमाताओं की सेवा तन- मन-धन से किया करेगी जिससे गौमाताओं को ज्यादा से ज्यादा चारा व गुड़ खिलाया जाए। इस अवसर पर सरोज रानी, गीता हिंदी अध्यापिका, अर्पित सिंह, अरविंद गहलावत, कुसुम गहलावत आदि उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ संस्थान में मनाया दीपावली महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ संस्थान में धनतेरस के दिन दीपावली महोत्सव मनाया गया। संस्थान को रंग बिरंगी झालरों, लड़ियों व दीयों से सजाया गया। महोत्सव में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि संस्था चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एसएस यादव व सुनील कुमार ने की। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के चरणों में द्वीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरूआत की।

## दीपावली लोक सेवा की मंगल कामना का पर्व है: डा. श्रीप्रकाश





**आध्यात्मिक**

**दीपावली सिर्फ एक त्योहार से कहीं अधिक है, यह एक गहन आध्यात्मिक अनुभव है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** दीपावली सिर्फ एक त्योहार से कहीं अधिक है, यह एक गहन आध्यात्मिक अनुभव है जो आत्मनिरीक्षण और नैतिक विकास को प्रोत्साहित करता है। इसका उत्सव प्रतिकूलता के खिलाफ प्रेम, एकता और लचीलेपन के सिद्धांतों का प्रतीक है. जब परिवार दीपक जलाने और मिठाइयां बांटने के लिए इकट्ठा होते हैं, तो वे न केवल प्राचीन परंपराओं का सम्मान करते हैं, बल्कि धार्मिकता और करुणा से निर्देशित जीवन जीने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करते हैं। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने दीपोत्सव के उपलक्ष्य में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल एवं मातृभूमि शिक्षा मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों इस मध्य आयोजित पर्व संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल एवं मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से भारतमाता के चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन से हुआ। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का शैक्षणिक, संस्कार एवं संस्कृति संवर्धन हेतु मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर पधारने पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा पुष्पवर्षा, शंख ध्वनि एवं तिलक लगाकर आत्मीयता से अभिनंदन किया गया। दीपोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला त्योहार दीपावली सनातन धर्मावलाम्बियों की आस्था का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व के साथ अनेक धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं।

## जनकल्याण के लिए चलाए जा रहे हैं नवीन संकल्प शिविर: सांसद



**जागरूक किया**

**संसदीय क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य संबंधी विचार सांझा करते हुए कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य संबंधी विचार सांझा करते हुए कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा। अगर हम अपने शरीर का पूरा ध्यान रखते हैं तो ही हम स्वस्थ रहकर देश के लिए कुछ विशेष कर सकते हैं। देश की सेवा के लिए हमारा स्वस्थ रहना बहुत जरुरी है। जन-कल्याण के उद्देश्य से हम नवीन संकल्प शिविर चला रहे हैं। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने दो दिन संसदीय क्षेत्र की जनता से मिलकर, उन्हें नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में चलाए जा रहे नवीन संकल्प शिविरों के फायदों से भी अवगत कराया। उन्होंने इन शिविरों में उपलब्ध कराई जानी वाली सुविधाएं पेंशन, आधार, परिवार पहचान पत्र, यशस्वी छात्रवृत्ति योजना और मोबाईल मेडिकल युनिट की सुविधाओं पर खुल कर विचार सांझा किए। सांसद नवीन जिन्दल ने लोगों से इन शिविरों की उपयोगिता के बारे में भी फीडबैक ली और जरूरी बदलाव का आश्वासन दिया। सांसद नवीन जिन्दल ने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में इन नवीन संकल्प शिविरों के अंतर्गत दो दिनों में 421लोगों को पेंशन, आधार और परिवार पहचान पत्र संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इन शिविरों में छात्रों को नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी दी गई और 10 छात्रों के फार्म भी भरवाए गए। फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से 671 लोगों को डॉक्टरों के परामर्श के बाद निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई जबकि 128 लोगों के रक्त व युरिन के टेस्ट करके, रिपोर्ट दी गई। इन सभी लोगों को रिपोर्ट कार्ड भी दिए गए ताकि भविष्य में यह कहीं और से भी परामर्श और दवाइयां ले सके। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल ने जन-कल्याण के कार्यों के लिये पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से अनेक योजनाएं आरम्भ कर रखी हैं। इन सभी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम सेवा-भाव से जुटी है। सांसद नवीन जिन्दल अपने जन-संपर्क अभियान में जनता-जनार्दन से इन सभी मुद्दों पर बात करते हैं।

## दिवाली महोत्सव पर नन्हे छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर दी विशेष प्रस्तुतियां





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** किडजी स्कूल सैक्टर:3में दिवाली महोत्सव का आयोजन भव्य रूप में किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक उत्साह का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नन्हे छात्रों ने राम, लक्ष्मण और सीता के रूप में पारंपरिक वेशभूषा धारण कर विशेष प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे भारतीय संस्कृति के प्रति उनका लगाव साफ नजर आया। बच्चों ने दिवाली के त्योहार को जीवंत करते हुए सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए, जो सभी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने रंगों के सुंदर संयोजन से विभिन्न डिजाइन बनाए, जिससे विद्यालय का परिसर और भी रंगीन और जीवंत हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर बताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से किए जाते हैं, ताकि वे अपनी जड़ों को समझ सकें और उनका आदर करें। अभिभावकों और अध्यापकों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों के उत्साह को प्रोत्साहित किया। सभी ने इस पहल की सराहना की।

# चंदन स्कूल में रही त्यौहारों की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में आने वाले त्योहारों की धूम रही। दीपावली, हरियाणा दिवस ,गोवर्धन तथा भैया दूज जैसे त्योहारों के उपलक्ष में विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दीपावली, हरियाणा दिवस तथा भैया दूज से संबंधित कविताएं, नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किए गए। प्राथमिक स्तर के बच्चों में हरियाणा दिवस के उपलक्ष में हरियाणवी पोशाक फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चे हरियाणवी पोशाक पहनकर विद्यालय पहुंचे। साथ ही अंतर सदनीय हरियाणवी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया




गया। जिसमें विद्यालय के सभी सदनों के विद्यार्थियों ने अपने हरियाणवी लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में कमल सदन ने प्रथम, सूरजमुखी सदन ने द्वितीय तथा गुलाब सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद दीपावली के अनुरूप प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर के बच्चों ने दीया और मोमबत्ती सजाओ क्रियाकलाप में भाग लिया। सभी बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा के अनुरूप सुंदर-सुंदर दीए और मामबत्तियां सजाई। तत्पश्चात विद्यालय में थाली सजाओ प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी सदनों ने भाग लिया। थाली सजाओ प्रतियोगिता में सूरजमुखी सदन ने प्रथम, गुलाब सदन ने द्वितीय तथा डेजी और कमल सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में

**प्रतियोगिता**

**दीपावली, हरियाणा दिवस तथा भैया दूज से संबंधित कविताएं, नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किए गए**

गुलाब सदन ने प्रथम तथा सूरजमुखी सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल चेयरमैन नरेश गहल्याण, कविता गाहल्याण तथा स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम कादियान ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को दीपावली के साथ-साथ अन्य त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। साथ ही दीपावली पर पटाखे ना जलाकर दिए जलाने के लिए प्रेरित किया।

# एसवीएस बाल भारती स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

**प्रस्तुति**

**विद्या सदन के विद्यार्थियों ने हरित दिवाली की थीम पर एक अद्भुत प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विद्या सदन के विद्यार्थियों ने हरित दिवाली की थीम पर एक अद्भुत प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत राम जी के वनवास पूरा करने पर अयोध्या आगमन की कहानी से की। इसके बाद, उन्होंने राजतिलक की प्रस्तुति दी, जिसमें भगवान राम के राज्याभिषेक की कहानी दर्शाई




गई। इसके पश्चात, विद्यार्थियों ने प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के महत्व को उजागर करने के लिए एक नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक में प्रदूषण से होने वाली हानियों के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया, जिससे दर्शकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। इस प्रस्तुति के माध्यम से, विद्या सदन के विद्यार्थियों ने हरित दिवाली के महत्व को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया और दर्शकों को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात, इंटर हाउस दिया डेकोरेशन कंपटीशन तथा रंगोली कंपटीशन का आयोजन किया

## न्यूज फ्लैश

### विधायक कादियान ने विशेष बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव, मिठाई खिला कर बांटे उपहार



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने मंगलवार को बेगा रोड पर सुकून स्पेशल स्कूल में विशेष बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाया और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने सभी बच्चों को मिठाई खिलाने के साथ उपहार में गिफ्ट्स बांटे। विधायक ने बच्चों के साथ खूब मस्ती की, बच्चों ने भी कई तरह की एक्टिविटी कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि बच्चों की परफॉर्मेंस देखकर ऐसा लगा ही नहीं कि वे बधिर है। सभी में पूरी ऊर्जा, जोश और मुस्कान के साथ नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया। उन्होंने इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका मकसद विशेष बच्चों को खुशियां देना है, ताकि वे भी दिवाली की खुशी वैसे ही महसूस कर सकें जैसे अन्य सभी लोग करते है। कादियान ने कहा कि सक्षम लोगों को अपने परिवार के अलावा ऐसे लोगों के साथ भी त्यौहार मनाएं जो असहाय एवं अपनों से दूर है। त्योहार की खुशियों में सभी को शामिल करें। इस अवसर पर स्कूल संचालक नेहा, पूजा, नवीन, कृष्ण, राकेश आदि मौजूद रहे।

### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस पर समारोह



आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने भारत के चारों क्षेत्रों – पश्चिम, पूर्व, उत्तर और दक्षिण की संस्कृति, नृत्य, त्योहार और पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। बाल वाटिका (1–3) ने पश्चिमी क्षेत्र गुजरात, और महाराष्ट्र की संस्कृति का प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 1 और 2 ने पूर्वी क्षेत्र पश्चिम बंगाल, ओडिशा , सेवन सिस्टर और बिहार की संस्कृति को दशार्या। कक्षा 3 और 4 ने उत्तरी क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, और हरियाणा की संस्कृति का प्रदर्शन एक नाटक के माध्यम से किया। कक्षा 5 और 6 ने दक्षिणी क्षेत्र तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल की संस्कृति का प्रदर्शन किया। उन्होंने वहां का लोक नृत्य, मुख्य त्योहार, पर्यटन स्थल, परिधान और स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह हमें राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विविधता के प्रति प्रतिबद्ध करता है। हम अपने विद्यार्थियों पर गर्व करते हैं जिन्होंने भारत की समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन किया। समारोह का समापन राष्ट्रीय एकता की शपथ लेने के साथ हुआ।

### सड़क सुरक्षा नियमों को तोडने.वालों के खिलाफ प्रशासन करेगा सख्त कार्यवाही: उपायुक्त

पानीपत, ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सडक सुरक्षा के संदर्भ में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जहां जहां हाईवे पर ग्रिल टूटी हुई है उन्हें दूरस्थ किया जाएगा। जिन मार्गो पर लाइट की व्यवस्था नहीं है व दुघर्टना का खतरा बना रहता है वहां पर लाइट की व्यवस्था की जाएगी। चिन्हित स्थानों के बजाय अलग स्थानों पर हॉर्डिंगस लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही होगी व जरूरत पडने पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। बाजारों से सडकों से सार्वजनिक स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# स्लम बस्ती के बच्चों संग मनाया दीपावली पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीसी पार्थ गुप्ता ने जब वीआईपी कुर्सी छोडकर बाल भवन के प्रागंण में स्लम बस्ती के विद्यार्थियों के बीच जमीन पर जाकर बैठ गए। इन बच्चों के बीच बैठकर उपायुक्त ने विद्यार्थियों से दीपावली पर्व की महत्वता के बारे में प्रश्न किया और पूछा की दीपावली पर्व क्यों मनाया जाता है और पिछले सालों से विद्यार्थी किस प्रकार दीपावली पर्व मना रहें हैं। इस प्रकार के प्रश्नों और मन की भावनाओं को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। अहम पहलू है कि विद्यार्थियों ने डीसी को अपने बीच पाकर खुलकर अपने मन की बात का इजहार किया और हर प्रश्न का



जवाब देने का प्रयास भी किया। इस प्रकार करीब आधा घंटा उपायुक्त पार्थ गुप्ता और विद्यार्थियों के बीच दीपावली पर्व को लेकर हंसी खुशी का खेल चलता रहा। उपायुक्त ने प्रत्येक विद्यार्थी के साथ अपनी मन की भावनाओं को सांझा करते हुए दीपावली पर्व को लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल किए और इन सवालों का जवाब विद्यार्थियों द्वारा बेहद अनोखे अंदाज में दिया गया। उपायुक्त ने

**मांग**

**हम पहलू है कि विद्यार्थियों ने डीसी को अपने बीच पाकर खुलकर अपने मन की बात का इजहार किया**

इन विद्यार्थियों की होसला अफजाही करते हुए कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व पर दीपक जलाने के साथ-साथ प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जहन में ज्ञान, मेहनत, प्यार एवं सद्भावना का दीपक जलाने का प्रयास करना चाहिए। इस पावन पर्व की खुशियों को अपने दोस्तों, परिजनों, शिक्षकों के साथ मिलकर बांटना चाहिए, तभी दीपावली जैसे पावन

# गुलजारी लाल नंदा संस्थान में 100 से अधिक फूलों का हुआ पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्री गुलजारी लाल नंदा संस्थान में वाहा फाउंडेशन व केडीबी के सहयोग से 100 से अधिक फूलों के पौधों का रोपण किया गया।इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से यूथ रेड क्रॉस के संयोजक प्रोफेसर दिनेश राणा ने कहा कि कई पौधे घर में सकारात्मकता के लिए लगाए जाते हैं, जिससे घर परिवार में खुशहाली आती है। केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि फूल हमारी श्रद्धा और भावना का प्रतीक है। गुलजारीलाल नंदा केंद्र की निदेशक प्रो. शुचिस्मिता शर्मा ने कहा कि फूल पारिस्थितिकी तंत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नवज्योति शिक्षा सदन में मनाया गया हरियाणा दिवस व दीपावली




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन खूबडु भांवर में हरियाणा दिवस व दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गई जिसमें बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति के बारे में बताया। हरियाणवी वेशभूषा में छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति दी। बच्चों ने भाषण द्वारा हरियाणा दिवस तथा दीपावली के बारे में अन्य बच्चों को अवगत कराया । छोटे-छोटे बच्चे हरियाणवी वेशभूषा में बहुत ही मनमोहक लग रहे थे। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक दीपावली पर्व के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया गया तथा बच्चों को पटाखे रही दिवाली उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया।

# विद्यालय में अध्यापक व छात्रों ने सेलिब्रेट किया दीपावली महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**समालखा** स्थित मॉडल टाउन जी . वी. एम इंटरनेशनल विद्यालय में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत लक्ष्मी गणेश पूजन और प्रार्थना के साथ हुआ' छात्रों की ओर से दी गई अद्भुत प्रस्तुतियों ने अंधेरे पर प्रकाश की जीत ,अज्ञान पर ज्ञान की ,बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की भावना पैदा की 'बच्चों के लिए रंगोली ,दिया डेकोरेशन थाली डेकोरेशन ,कक्षा डेकोरेशन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया 'नन्हे-नन्हे




बच्चों ने नृत्य के माध्यम से दिवाली का संदेश दिया 'नाटक प्रस्तुति से पर्यावरण को प्रदूषण रहित रखने का संदेश और शपथ दिलवाई गई' स्कूल निदेशक राधेश्याम जांगड़ा ने विद्यार्थियों को प्रेरित कर संदेश दिया कि हमारा भाग्य हमारे कर्मों से परिभाषित होता है इसलिए हमें जीवन में हमेशा सही काम करने चाहिए स्कूल प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल ने कहा-हमेशा भगवान राम से प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि हमें अपने मन के अंधकार को दूर करने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश का दीपक जलाना चाहिए।

# विश्वकर्मा दिवस एक नवंबर को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** विश्वकर्मा मंदिर में एक नवंबर को विश्वकर्मा दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। समाज के प्रधान अशोक जांगड़ा ने बताया कि एक नवंबर को विश्वकर्मा दिवस पर शिल्प कला के गुरु भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया जाएगा।

इसके अलावा सुबह नौ बजे हवन व 11 बजे प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान कमेटी की आय का लेखा-जोखा पेश किया जाएगा।

# जज व अधिकारियों ने खरीदी हस्त निर्मित वस्तुएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा कंचन माही के साथ-साथ न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों द्वारा हस्त निर्मित वस्तुएं खरीदी। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला विविध सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शिनी में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा कंचन माही के साथ-साथ न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों द्वारा हस्त निर्मित वस्तुएं को लेकर लगाई गई



प्रदर्शिनी का अवलोकन किया गया। इस प्रदर्शिनी से सेशन जज के साथ-साथ न्यायिक वं प्रशासनिक अधिकारियों ने दीए, पॉट, डेकोरेशन, मोमबत्ती दीये, पेंटिंग, हैंगिंग आइटम को खरीदी। डीसीपीयू, डीएलएसए, अधीक्षक अवलोकन गृह अंबाला द्वारा कंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए अंबाला और सीजेएम डीएलएसए अंबाला परवीन की अध्यक्षता में

**प्रदर्शनी**

**जिला विविध सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया**

डीपीओ डब्ल्यूसीडी अंबाला मिक्षा रंगा के मार्गदर्शन में एक प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी कार्यक्रम में अवलोकन गृह अंबाला के बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुएं सजाए गए दीये, पॉट डेकोरेशन, मोमबत्ती दीये, पेंटिंग, हैंगिंग आइटम तैयार किए गए और विभिन्न स्टालों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए।

# गीता विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया दीपावली पर्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**गीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोरासी रोड समालखा में दीपावली पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए स्कूल की ओर से दीवाली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने रंगोली दीया, मोमबत्ती डेकोरेशन ,लैंप मेकिंग और वेस्ट मटेरियल से झालर बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया ।

इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल चेयरमैन राधेश्याम जांगड़ा ने सभी को पर्यावरण सुरक्षा हेतु प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया।

# किदम फाउंडेशन ने ऑब्जरवेशन होम के बच्चो के साथ मनाई दीवाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** समाज सेवा में अग्रणी संस्था कदम फाउंडेशन द्वारा हर साल दीपावली का त्यौहार बच्चो के साथ मनाया जाता है और इस बार का त्यौहार ऑब्जर्वेशन होम अम्बाला में रहने वाले बच्चो के साथ मनाया गया ।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट माननीय परवीन जी रहें। उन्होंने संस्था द्वारा उपलब्ध समान बच्चो को वितरित किया और दिवाली द्वारा उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले बच्चो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया ।

कदम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं बाल कल्याण समिति की सदस्य




रेखा शर्मा ने बताया कि इस बार दीपावली के इस अवसर पर संस्था की तरफ से खेलकूद का सामान जैसे करम बोर्ड,लूडो, सांपसीढ़ी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन आदि का सामान बच्चो को खेलने के लिए दिया गया है । उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा पहले भी हर वर्ष बच्चों को खेलने का सामान उपलब्ध करवाया जाता है । कदम फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि देवीदयाल शर्मा ने बताया कि संस्था की तरफ से पिछले 5 वर्षों से निरंतर समाज सेवा के कार्य किए जा रहे हैं।और पहले भी संस्था की तरफ से ऑब्जर्वेशन होम में सिलाई मशीनें दान की गई थी और अब संस्था की तरफ से यहां रहने वाले बच्चो के लिए निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग

**सम्मान**

**बच्चों को वितरित किया और दिवाली द्वारा उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले बच्चो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया**

सेंटर चलाया जा रहा है ।

चीफ ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट द्वारा कदम फाउन्डेशन को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित ऑब्जर्वेशन होम अम्बाला में बच्चो द्वारा आयोजित किए गए दिवाली एग्जिबिशन में संस्था द्वारा दिए गए उत्कृष्ट सहयोग के लिए आज प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सीबीएसई की बैगलेस नीति के अंतर्गत धूमधाम से मनाया कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में दिवाली व हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य पर सीबीएसई की बैगलेस नीति के अंतर्गत कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम मे छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान राम व माता सीता की संपूर्ण जीवन कथा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करके सब का मन मोह लिया। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने हरियाणा के सभी जिलों की विशेषताओं ,उपलब्धियां व विशिष्ट व्यक्तियों से अवगत कराकर सब का ज्ञानवर्धन किया। अध्यापक सुरेश धीमान ने रागिनी गाकर, अध्यापिका




अंजू गाहल्याण व शशि शर्मा ने लोकगीत की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। छात्रों ने नशा मुक्ति पर लघु नाटिका प्रस्तुत करके समाज सुधार का संदेश दिया। अपंग बच्चों पर 11वीं कक्षा की छात्राओं द्वारा दी गई नृत्य प्रस्तुति ने सबको भाव विभोर कर दिया। 'पर्यावरण बचाओ ' विषय पर छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा द्वारा सबको दिवाली व हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ प्रदूषण रहित दिवाली मनाने का आह्वान किया गया।













## कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित रखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राउज आईएएस स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट निशांत गर्ग ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 14 नवंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सीबीआई ने 14 अक्टूबर को छह आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने थार चालक मनोज कथूरिया को आरोपित नहीं बनाया है। सीबीआई ने चार्जशीट में परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह, कोचिंग के सीईओ अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को आरोपित बनाया है। सीबीआई ने इन आरोपितों के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने और गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले के सभी आरोपित जमानत पर हैं। 23 सितंबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीईओ अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को अंतरिम जमानत दी थी। इसके पहले 13 सितंबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने चार सह-मालिकों तजिंदर सिंह, परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह को जमानत दी थी।







Suneet Garg
9899383139
Vinod Garg
9811077396
Sahil Garg
9868085102
दीपावली
हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रकाश व खुशियों के महापर्व दीपावली
पर आपके जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि आये।


आदर्श रसोई
राकेश भारद्वाज चौक
दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
परम श्रद्धेय
राकेश भारद्वाज
संस्थापक (आदर्श रसोई)
मोहन कुमार गर्ग
चेयरमैन (9354212413)
सुरेंद्र चोपड़ा
प्रधान (9910766000)
रामलाल उनियाल
वाईस चेयरमैन (921227354)
रवि भारद्वाज
संयोजक (9999889104)
विनोद गर्ग
महासचिव (9811077396)
राकेश जुनेजा
महासचिव
पम्मी मल्होत्रा
महासचिव
संजय वर्मा
कोषाध्यक्ष
सुभाष दीक्षित
संरक्षक
सुरेन्द्र त्यागी
संरक्षक
सुरेन्द्र बुद्धिराजा
संरक्षक
के.के. शर्मा
संरक्षक
जे.पी. गोयल
संरक्षक
सतपाल यादव
संरक्षक
गुरदयाल छाबडा
संरक्षक
वी. के. चौधरी
संरक्षक
रविन्द्र पाल सिंह स्माईल
संरक्षक
सिकन्दर पाल मखीजा
संरक्षक
तरसेम सिंह
उपप्रधान
रिंकू कोहली
उपप्रधान
राजेश छाबड़ा
उपप्रधान
अमरजीत सिंह
उपप्रधान
राजेन्द्र साहू
उपप्रधान
बलदेव राज विनायक
उपप्रधान
मनोज अग्रवाल
उपप्रधान
कमल गोयल
उपप्रधान
दीपक गर्ग
सचिव
सुलभ गुप्ता
सचिव
धीरज सिंघल
सचिव
मुकेश रस्तोगी
सचिव
राजीव मेहता
सचिव
सतपाल सेतिया
सचिव
सोहन लाल मेंहदिरत्ता
सचिव
करण शर्मा
सहसचिव
विवेक तोमर
सहसचिव
सन्नी गर्ग
सहसचिव
सागर गर्ग
सहसचिव
इन्दर तनेजा
सदस्य
विकास ठाकुर
सदस्य
हिमांशु भाटिया
सदस्य
नरेश कपाही
सदस्य
सुशील अरोड़ा
सदस्य
संजय बांगिया
सदस्य
विनीत गुप्ता
सदस्य
विपीन चौहान
सदस्य
गुलशन चावला
सदस्य
मयंक बंसल
सदस्य

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 30 अक्टूबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

